जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

चूरू, सोमवार 24 नवम्बर, 2025



## विचार बिन्दु

**सारा जगत स्वतंत्रता के लिए लालायित रहता है फिर भी प्रत्येक जीव अपने बंधनो को प्यार करता है। –श्री अरविंद**

# चुनना आपको है!

भारत में ख़रीद-फरोख़्त की दुनिया बहुत तेज़ी से बदल रही है। वैसे बदलाव तो सारी ही दुनिया में आ रहे हैं लेकिन क्योंकि हम अपने देश में आ रहे बदलावों से ज़्यादा प्रभावित होते हैं, यहां हम उसी की चर्चा कर रहे हैं। बहुत पुरानी बात नहीं है जब हमारे पास खरीद के ठिकाने बहुत कम थे। गांव के मोदी जी की दुकान, गली के नुक्कड़ का दुकानदार, और ज़्यादा से ज़्यादा हुआ तो हर शहर का एक मुख्य बाज़ार। मिलने वाला सामान भी सीमित हुआ करता था। ग्राहक के पास बहुत कम विकल्प होते थे। किसी को कभी देश से बाहर जाने का मौका मिलता था तो वह वहां के लकदक बाज़ारों और मिलने वाले वैविध्यपूर्ण सामानों को देखकर चौंधिया जाता था। लेकिन पिछले कुछ समय में ये स्थितियां पूरी तरह बदल गई हैं। अब भारत में करीब-करीब वे सारी वस्तुएं मिलती हैं जो दुनिया के अन्य विकसित देशों के नागरिकों को सुलभ हैं। बाज़ारों के रंग रूप भी बहुत बदल चुके हैं। दुकानों की स्पर्धा अब डिपार्टमेण्टल स्टोर्स, मेगा स्टोर्स, और मॉल्स से हो रही है। इन सबका फैलाव महानगरों से नगरों, नगरों से कस्बों और अब तो कस्बों से गांव तक हो गया है।

आज खरीददार के पास विकल्पों की बहुतायत है। और विकल्पों की यह बहुलता केवल उत्पादों और ब्राण्ड्स के मामले में ही नहीं है। अब उसके पास यह विकल्प बाहुल्य भी है कि वह खरीददारी कहां से और कैसे करे। पहले जहां उसके पास केवल अपने मुहल्ले की दुकान से खरीददारी का विकल्प था, अब अगर वह चाहे तो दुकान को छोड़कर मॉल में जा सकता है और अगर कहीं न जाना चाहे तो किसी ई कॉमर्स साइट से घर बैठे भी अपनी इच्छित वस्तु पा सकता है। मॉल में जाने का अतिरिक्त लाभ यह होता है कि उसे चकाचक माहौल मिलता है, चुस्त सेल्समैन/वुमन की परिष्कृत सेवाएं मिलती हैं, बहुत सारे उत्पादों को देखकर उनमें से चुनने का अवसर मिलता है, एक ही छत के नीचे सारी ख़रीददारी करने की सुविधा मिलती है, और खरीददारी के साथ-साथ मनोरंजन और आमोद-प्रमोद के अवसर भी मिलते हैं। आम तौर पर मॉल्स में फूड कोर्ट भी होते हैं, बहुत बार सिनेमा हॉल भी होते हैं तो खरीददादारी के साथ-साथ आउटिंग का आनंद भी मिल जाता है।

अब इन दोनों को बहुत कड़ी टक्कर मिल रही है ई कॉमर्स साइट्स से। आजकल हमारे शहरों में वाहनों की भीड़-भाड़ और बहुत तेज़ी से बढ़ते जा रहे ट्रैफिक जामों की वजह से लोगों का घर से निकलना सुखद नहीं रह गया है। निकल गए और गंतव्य तक पहुंच भी गए तो पार्किंग की समस्या। और अगर वह भी हल हो गई तो दुकानदार का रूखा बर्ताव, खरीददारी के लिए सीमित विकल्प, मॉल में चले गए तो तुलनात्मक रूप से महंगा सामान खरीदने की चुभन। आखिर मॉल में जिसने दुकान लगाई है वह सारे खर्चे तो अपने ग्राहक से ही वसूलेगा। ऐसे में ठंडी हवा के झोंके की तरह आई ई कॉमर्स साइट्स। कहीं जाने की ज़रूरत नहीं। घर बैठे ऑर्डर दें और जल्दी से जल्दी मनचाहा सामान प्राप्त करें। अगर पसंद न आए तो एक निश्चित अवधि में वापस कर दें या बदलवा लें। अगर एक साथ बड़ी राशि खर्च न करना चाहें तो इंस्टॉलमेंट की सुविधा ले लें और सबसे बड़ी बात, बाज़ार की दरों से कम दरों पर सामान खरीद लें। भारतीय ठााहक तुलनात्मक रूप से कम दरों को बहुत ज़्यादा महत्व देता है। अब तो हालत यह हो गई है कि बहुत सारे दुकानदार अपने यहां इस आशय की इबारत टांगने लगे हैं कि कृपया हमारी रेट्स की तुलना ई कॉमर्स साइट्स की रेट्स से न करें! वे तो लिख कर टांग देते हैं लेकिन मैं फिर भी पूछना चाहता हूं कि क्यों न करें? हम आपसे महंगा सामान क्यों खरीदें? आपके पास कोई शिकायत लेकर आएंगे तो आप तोता चश्म बन जाएंगे। रूखा जवाब देंगे। अगर लौटाना चाहेंगे तो खा जाने वाली नज़रों से देखेंगे, और बहुत मज़बूर हुए तो सुबह ग्यारह बजे आए ठााहक से कहेंगे कि सामान वापसी का समय शाम पांच बजे है। तब आएं। आपका प्रयास यही होता है कि जो भी भुगतना है ठााहक ही भुगते। आपको कोई कष्ट न हो।

**आज खरीददार के पास विकल्पों की बहुतायत है। और विकल्पों की यह बहुलता केवल उत्पादों और ब्राण्ड्स के मामले में ही नहीं है। अब उसके पास यह विकल्प बाहुल्य भी है कि वह खरीददारी कहां से और कैसे करे। पहले जहां उसके पास केवल अपने मुहल्ले की दुकान से खरीददारी का विकल्प था, अब अगर वह चाहे तो दुकान को छोड़कर मॉल में जा सकता है और अगर कहीं न जाना चाहे तो किसी ई कॉमर्स साइट से घर बैठे भी अपनी इच्छित वस्तु पा सकता है।**

इस बात पर भी विचार किया जाना चाहिए कि ई कॉमर्स साइट्स अन्यों की तुलना में सस्ता सामान कैसे दे पाती हैं! सबसे पहली बात तो यह कि इनके व्यवसाय का आकार बहुत बड़ा होता है। अपने बड़े आकार की वजह से ये निर्माता या सप्लायर से मोलभाव कर भारी डिस्काउण्ट प्राप्त कर लेतेहैं। दूसरी बात यह कि व्यापार के बड़े आकार की वजह से गोदाम, लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट पर प्रति यूनिट खर्चा कम आता है और तीसरी बात यह कि अपने बड़े आकार की वजह से इनमें से बहुतों ने अपना डिलीवरी नेटवर्क बना लिया है जो कम खर्च में इनके माल को ग्राहक तक पहुंचा पाता है। अब इनकी चालाकी या अक्लमंदी को भी समझिये। ये कंपनियां बहुत सारे उत्पादों पर जानबूझकर घाटा उठाती हैं। ऐसा ये ग्राहक को अपनी साइट पर आकर्षित करने और अपनी साइट को उसकी आदत में शामिल करने के लिए करती हैं। ऐसा करके ये छोटे प्रतिस्पर्धियों को स्पर्धा से बाहर भी करती रहती हैं। और भी जानिए। जो उत्पाद ज़्यादा बिकते हैं ये उनका उत्पादन ही ख़ुद करने लग जाती हैं, जो अन्य प्रचलित ब्राण्ड्स की तुलना में सस्ते होते हैं। ग्राहक चार चीज़ें इनकी बनाई खरीदता है तो तीन चीज़ें और भी खरीद लेता है। क्योंकि इनके व्यापार का आकार बड़ा होता है, ये ठााहक को अपनी तरफ खींचने के लिए डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भी भरपूर प्रयोग करने की सामर्थ्य रखते हैं। आपने किसी साइट पर कुछ खोजा तो वे बार-बार उस तरह की चीज़ें आपको दिखा कर अंततः उसे खरीदने के लिए तैयार कर लेते हैं।

ईकॉमर्स साइट्स के सस्ता माल बेचने के पीछे बहुत बड़ी भूमिका वेंचर कैपिटलिस्ट्स (VC) की भी होती है। उनसे प्राप्त वित्तीय समर्थन के बल पर इस तरह की कंपनियां आठ दस साल तक भी घाटा उठाकर बिज़नेस करने की सामर्थ्य अर्जित कर लेती हैं। अब यही देखें कि फ्लिपकार्ट ने 2022-23 तक कभी प्रॉफिट दिखाया ही नहीं, फिर भी उसका वैल्यूएशन बीस मिलियन डॉलर से अधिक था। अमेज़ॉन इण्डिया (2024 के आंकड़ों के अनुसार) प्रॉफिट में नहीं है फिर भी 5-6 हज़ार करोड़ का निवेश कर रही है। ये मात्र दो उदाहरण हैं। ये बड़े व्यापारी वेंचर कैपिटल से मार्केट पर कब्ज़ा करने की जुगत में रहते हैं। प्रतिस्पर्धी ख़त्म हो जाए, फिर तो ये जैसे चाहे वैसे व्यवसाय करेंगे। हमने अपने देश में हाल के बरसों में अनेक ब्राण्ड्स को लुप्त होते देखा है। इसके पीछे यही खेल चलता है। यह देखिये कि जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धी कमज़ोर या विलुप्त होता है ये अपनी कीमतें बढ़ाने लग जाते हैं। अमेज़ॉन प्राइम इसका एक उदाहरण है। अब उसने प्राइम की सदस्यता महंगी कर दी है, लौटाने या बदलवाने की सुविधाएं कम कर दी हैं, उत्पादों की कीमतें भी पहले जितनी आकर्षक नहीं रह गई हैं। एक और उदाहरण देखें। पहले जब उबर और ओला बाज़ार में आए थे तो उन्होंने ड्राइवरों को इन्सेण्टिव दिये, हम उपभोक्ताओं को भी तरह-तरह के लालच दिए। अब जब बाज़ार से इनके प्रतिस्पर्धी कम या लुप्त हुए तो ये सारी चीज़ें भी ख़त्म हो गईं। टेलीकॉम के बाज़ार में हमारे देखते-देखते कितनी कम्पनियां विलुप्त हो चुकी हैं और जो बची हैं वे अत्यधिक निर्ममता से अपने ग्राहकों का दोहन कर रही हैं।

यह सब लिखने का एकमात्र आशय यह है कि हमारे पारंपरिक दुकानदार इस खेल और इसके पीछे छिपे ख़तरों को समझें। यह समझें कि बड़ी ताकतें उनका सर्वनाश करने पर उतारू हैं। अगर वे अपने अस्तित्व को बचाए रखना चाहते हैं तो उन्हें ग्राहक को बेहतर सेवाएं देनी होंगी। ग्राहक की परवाह करनी होंगी। ग्राहक को अपनी तरफ खींचने और अपना बनाए रखने का हर मुमकिन प्रयास करना होगा। तभी उनके बचे रहने की कोई सम्भावना बनेगी। भारत का खरीददार और बाज़ार दोनों ही विविधता पूर्ण हैं। हमारा सोच अभी भी पारंपरिक है। एक ग्राहक के रूप में हमें दुकानदार की आत्मीयता और व्यक्तिगत स्पर्श अभी भी आकर्षित करते हैं। अगर वह दो बोल मीठे बोल ले और हमारा हाल चाल पूछ ले, अगर वह अपने साफ सुथरे और ईमानदार व्यापार के बारे में हमारे मन में अपना विश्वास स्थापित कर ले तो हम किसीमॉल या ई कॉमर्स साइट की बजाय उसी के पास जाना पसंद करेंगे। लेकिन अगर वह यह सोचे कि उसे नहीं ग्राहक को ही उसकी ज़रूरत है तो फिर उसे नष्ट होने से कोई नहीं बचा सकता है। दीवार पर जो साफ-साफ लिखा है उसे पढ़ना और उसके अनुरूप आचरण करना अथवा अपना विदा गीत लिखना – चयन उसका है!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# आयुर्वेद व हर्बल उत्पाद को मिल रहे नए आयाम पेटेंट दिशा-निर्देश

## आयुर्वेद आहार व मानक से इनोवेशन व मार्केटिंग का ग्राफ बढ़ेगा



विकास आसावत

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः यानि सभी सुखी हों, सभी रोगमुक्त रहें। भारत पारंपरिक औषधीय जैव-संसाधनों से समृद्ध देश है और सदियों पुराने पारंपरिक ज्ञान का जनक व निर्वाहक है। भारतवर्ष विशेषकर हिमालय श्रृंखला औषधीय गुण युक्त हर्बल पौधों का खजाना है जिसे ग्रीन गोल्ड भी कहते है। आयुष स्वास्थ्य सेवा और उपचार की सुस्थापित प्रणालियो में आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, होम्योपैथी, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि शामिल हैं। देश-विदेश में आधुनिक व नवीनतम शोध के चलते नित नए आयुष उत्पाद/प्रक्रियाओं/फ़ॉर्मूलेशन का विकास हो रहा। हाल ही में 23 सितम्बर को दसवे राष्ट्रीय आयुर्वेदिक दिवस पर पेटेंट ऑफिस ने आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयुष संबंधी आविष्कारों के परीक्षण के दिशानिर्देश जारी किए है। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य भारतीय चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली के लिए पेटेंट के आवेदन, परीक्षण व स्वीकृति को स्पष्ट कर अधिक सुलभ व सुव्यवस्तिथ बनाना है।

दिशानिर्देश में आयुष उत्पाद के साथ साथ उपकरण, डिवाइस, व आयुष प्रणाली पर आधारित पौष्टिक-औषध (न्यूट्रास्युटिकल)/ फ़ूड रेसिपीज़ के मूल्य संवर्धित उत्पाद को आयुष सम्बंधित अविष्कार माना गया है। हर्बल इन्सेंस, हर्बल साबुन, हर्बल सेनेटरी पैड्स से लेकर प्रकृति व विकृति के आकलन के लिए स्मार्ट वेअरबल डिवाइस, एंटीमाइक्रोबियल पोलीहर्बल कम्पोजीशन आदि स्वीकृत पेटेंट के वास्तविक उदाहरणों को आवेदक के रिफरेन्स के लिए गाइडलाइन्स में सम्मिलित किया है।

पदार्थ के यील्ड व शुद्धता उल्लेखनीय ढंग से ज्यादा प्राप्त होने पर, सिनर्जिस्टिक इफ़ेक्ट प्रदर्शित करने पर, आयुष डिवाइस व उपकरण के सन्दर्भ में नवीनता व तकनीकी प्रभाव स्थापित करने पर पेटेंट स्वीकृत हो जायेगा।

गाइडलाइन्स में ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) में नवीनता सम्बन्धी जांच को महत्वपूर्ण माना गया है। टीकेडीएल 4.54 लाख भारतीय पारंपरिक औषधीय ज्ञान सम्बंधित फ़ॉर्मूलेशन्स व पद्दतिया का डिजिटल डेटाबेस है जो हमारे इस ज्ञान को सरंक्षित कर अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट कार्यालयों में इसके दुरुपयोग को रोकता है। संस्कृत, हिंदी, तमिल, मलयालम, अरबी, फ़ारसी, उर्दू, भोटी आदि स्थानीय भाषाओं में मौजूद प्राचीन ठांथों की जानकारी को पाँच अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं, अर्थात् अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश और जापानी में लिपिबद्ध किया गया है। वर्ष 1995 में हल्दी के घाव भरने के गुणों को अमेरिकी पेटेंट मिलने पर और बाद में यूएस पेटेंट कार्यालय में उसी पेटेंट को रद्द करने में लगे समय, प्रयास और धनराशि के कारण पारम्परिक ज्ञान के संरक्षण के टीकेडीएल की नीव रखी गयी। डेटाबेस वर्तमान में विश्वभर में भारत, यूरोप, अमेरिका, जापान सहित 17 पेटेंट कार्यालयों को उपलब्ध है व इनके लिपिबद्ध होने से अन्य देशो के पेटेंट एग्जामिनर भी पेटेंट जारी करने से पहले ये सुनिश्चित कर सकते है कि क्लेम किया गया प्रोसेस या फार्मूलेशन पहले से ही भारतीय ज्ञान के रूप सूचित है या नया अविष्कार है।

सामानांतर प्रगति में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) ने आयुष मंत्रालय के परामर्श से 'आयुर्वेद आहार' श्रेणी के अंतर्गत प्रामाणिक आयुर्वेदिक ठांथों, अवयवों और प्रक्रियाओं पर आधारित व्यंजनों/ खाद्य पदार्थों की एक निश्चित सूची जारी की है जो भारत के पुरातन खाद्य ज्ञान को मुख्यधारा में लाता है। आयुर्वेद आहार को मौसम, शरीर की पाचन क्षमता और प्रतिरोधक क्षमता के मद्देनजर तैयार किया जाता है। इसी वर्ष जुलाई में एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा जारी सूची में तिल मोदक, क्षीरपाक, गुलकंद, खिचड़ी समेत कुल 91 आयुर्वेद आहार शामिल किये गए है। 'आयुर्वेद आहार' का कांसेप्ट खाद्य व्यवसाय संचालकों स्पष्टता प्रदान कर एक नया विश्वसनीय उपभोक्ता मार्किट तैयार करता है।

मानक की बात करे तो आयुष मंत्रालय ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के सहयोग से आयुर्वेद और योग के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) तकनीकी समिति की स्थापना की है जिसके फलस्वरूप आईएसओ/टीसी 249/एससी 2 का गठन हुआ है। वही नई उपसमिति (एससी 2) का सचिवालय बीआईएस (इंडिया) को सौंपा गया है। लोकसभा में दी गयी जानकारी के अनुसार अबीआईएस ने आयुष के विभिन्न पहलुओं पर 169 मानक विकसित किए हैं।

भारत देश आयुर्वेद का जनक के साथ साथ इसका सबसे बड़ा बाजार भी है। परंपरागत औषधिया व संबंधित फ़ॉर्मूलेशन्स पर बढ़ते भरोसे, अनुसन्धान को बढ़ावा देना, पेटेंट सिस्टम को अधिक सुगम बनाना, मानकीकरण, 'आयुर्वेद आहार' जैसी पहल निश्चित ही आयुष क्षेत्र की वृद्धि के कारक हैं। वही अपने गठन के ग्यारह वर्ष पूर्ण करने के नजदीक आयुष मंत्रालय यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आयुष प्रणालियां वैश्विक स्वास्थ्य सेवा समाधानों के एक अभिन्न अंग के रूप में विकसित होती रहें। टीकेडीएल और वैज्ञानिक साक्ष्यों का सहेजकर रखा गया ज्ञान भारतीय चिकित्सा पद्धित सरक्षित कर विदेशो में अनधिकृत पेटेंट स्वीकृतियों को रोकने में सहायक होगा।

**–विकास आसावत,**
**पेटेंट अटॉर्नी एवं एडवोकेट**

# भगत सिंह का...भगत सिंह होने का मतलब!



राम निवास बैरवा

08 सितम्बर, 2025 को अपेक्षाकृत शांत देश नेपाल में युवाओं और छात्रों का आंदोलन होकर संसद, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री आवासों को आग के हवाले कर दिया। प्रधानमंत्री त्यागपत्र देकर नेपाल से बाहर चले गये। यह राजनेताओं की पद लोलुपता भ्रष्टाचार, महंगाई के विरूद्ध मिली जुली स्वतःस्फूर्त प्रतिक्रिया थी, जो 'सोशल मीडिया' पर "जेन-जेड" (जनरेशन जेड) के नाम से व्यापक रूप से सक्रिय हुआ। सरकार ने एक को छोड़कर सभी सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया जिससे उनका संचार माध्यम अवरूद्ध हो गया और वे सरकार के खिलाफ उबल पड़े। भारतीय उपमहाद्वीप में पहले श्रीलंका और बाद में बांग्लादेश में युवाओं ने तथा कथित चुनी हुई सरकारों को बेदखल होने के लिए बाध्य किया।

राजनीतिक रूप से इन सभी देशों में युवाओं और छात्रों के आंदोलन स्वतः स्फुर्त रूप से ही हुए हैं। लोकतन्त्रों में ऐसे आंदोलन साबित करते हैं कि तथाकथित लोकतंत्र वास्तव में लोकतंत्र नहीं हैं बल्कि बारी-बारी से सत्ता पर अधिकार के लिए वर्ग विशेष चुनावों का सहारा लेते हैं जिनका परिणाम पहले से ही तय होता है। युवाओं के आंदोलनों में विचारधारा और सिद्धांतों का भटकाव देखा गया है। भारत में 1974 के कथित आंदोलन को 'सम्पूर्ण क्रांति' का ठप्पा लगा कर उसी पुरानी पूंजीवादी विचारधारा के दलदल में डाल दिया गया।

फिर भी, आज तक युवाओं और छात्रों के प्रेरणास्त्रोत भगत सिंह ही रहे हैं, बेशक उन्हें भगत सिंह का भगत सिंह होने के आधारों का ज्ञान नहीं हो। दरअसल भगत सिंह केवल शहीद ही नहीं है बल्कि 'क्रान्ति' के प्रतीक है। यह बात स्वयं भगत सिंह ने 22 मार्च, 1931 -फांसी दिये जाने के एक दिन पहले अपने मित्रों के नाम लिखे पत्र लिखी थी कि – "मेरा नाम हिंदुस्तानी क्रांति का प्रतीक बन चुका है और क्रान्तिकारी दल के आदर्शों और कुर्बानियों ने मुझे बहुत ऊंचा उठा दिया है – इतना ऊंचा कि जीवित रहने की स्थिति में इससे ऊंचा मैं जीवित हर्गिज नहीं हो सकता।" भगत सिंह का क्रान्ति का प्रतीक होना ही वह तथ्य है जो भगत सिंह को भगत सिंह बना चुका है, युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बना चुका है- जिसके पीछे कथित राजनीतिक पार्टियां और उनके पीढ़ियों से जमें बैठे राजनेता घिसटते जाते हैं, क्योंकि उनका सिर्फ वोट लेकर चुनाव जीतना ही एक मात्र सिद्धांत है, एक मात्र विचारधारा जो है।

**भगत सिंह, ....... भगत सिंह क्यों है?**

8 जून, 1929 को केंद्रीय असेंबली में भगतसिंह और उनके साथियों ने बंब फेंका था और जो पर्चे फेंके गये थे उनमें अन्य बातों के यह भी लिखा था "हम मनुष्य के जीवन को पवित्र समझते हैं। हम ऐसे उज्जवल भविष्य में विश्वास रखते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण शान्ति और स्वतंत्रता के अवसर मिल सके। हम इंसान का खून बहाने की अपनी विवशता पर दुखी हैं परन्तु क्रान्ति द्वारा सबको समान स्वतंत्रता देने और मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण को समाप्त कर देने के लिए क्रान्ति में कुछ-न-कुछ रक्त पात अनिवार्य हैं।"

इसी कड़ी में भगतसिंह द्वारा सिद्धांत पोषित "हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातांत्रिक संघ (सेना)" का स्पष्ट राजनीतिक उद्देश्य था कि समाजवादी व्यवस्था लागू करके मजदूर वर्ग की तानाशाही तंत्र स्थापित करना था। समाजवाद और कम्युनिस्म ब्रिटिश सरकार को कभी भी स्वीकार्य नहीं हो रहा था, वह कांग्रेस को भी कभी स्वीकार्य नहीं हो रहा था, लेकिन अधिकांश जनता को मजदूर किसानों को अपनी मुक्ति का मार्ग इन्हीं क्रान्तिकारियों में दिखाई दिया था, अतः हिन्दुस्तान की जनता ने भगतसिंह के सिद्धांतों को समर्थन देने के लिए 30 जून, 1929 को 'भगतसिंह दिवस' मनाया गया। वे राजनीतिक व्यक्ति थे, वे राजनैतिक कैदी थे, वे क्रोन्तिकारी थे। वे अपराधी नहीं थे। 30 जून, 1929 के 'भगतसिंह दिवस' ने यह साबित कर दिया था- भारत की राजनीतिक और राजनैतिक इतिहास में, जीवित रहते जिस व्यक्ति के सम्मान में जो भावनायें जनता ने अभिव्यक्त की वह सौभाग्य तो खुद गांधीजी को नहीं मिला।

उसके बाद, जब दण्ड प्रक्रिया संहिता 1898 में धारा 540 बी जोड़ने के बिलों को, जिसके अनुसार भगतसिंह आदि पर दिये जाने वाले फैसले की कहीं भी अपील नहीं की जा सकती थी, केंद्रीय असेंबली ने पारित नहीं किया, तब वायसराय ने अध्यादेश जारी करके विशेष ट्रिब्यूनल गठित की। उक्त ट्रिब्यूनल को छः महिनों में ही फैसला देना था, क्योंकि छः महिने बाद असेंबली उसे कानून नहीं बनने देती और भगतसिंह आदि पर मुकदमा चला कर फांसी देना मुश्किल हो जाता।

उस ट्रिब्यूनल के एक जज जी.सी. हिल्टन ने भगतसिंह आदि को हथकड़ियों के साथ अदालत में पेश करने को कहा था, तब भगतसिंह ने ट्रिब्यूनल का बहिष्कार कर दिया, तब उन्हें लाठियों से पिटवाया गया और भारतीयों को गालियां दी गई तब भगतसिंह ने एक भारतीय जज जस्टिस आगा हैदर को संबोधित करते हुए कहा था, "ऐसी मानसिक स्थिति वाले जज कैसे न्याय करेंगे।" इस पर आगा हैदर ने उस दिन की अदालती कार्यवाही पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। उस बात की चर्चा पूरी दुनिया में हुई और उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप एक बार फिर से 'भगतसिंह दिवस' मनाया गया था।

**भगतसिंह का भगतसिंह होने का मतलब यही है।**

07 अक्टूबर, 1930 तक अदालती ट्रिब्यूनल ने 300 पृष्ठों का अपना फैसला दे दिया और 07 अक्टूबर, 1930 को ही भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव को 17 अक्टूबर, 1930 को फांसी देने का वारंट भी निकाल दिया था। लेकिन उस दिन फांसी नहीं दी जा सकी।

तब, भगतसिंह को फांसी नहीं दिये जाने के प्रयास शुरू किये गये। इन प्रयासों का सबसे अधिक ह्रदय विदारक वह प्रयास था जो उनके कमांडर और मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने किया था- वही चंद्रशेखर जो आजाद था, आजाद रहा..... और... 27 फरवरी, 1931 को इलाहबाद के अल्फ्रेड पार्क में अपनी घेराबंदी को देख स्वयं की पिस्तौल से अपनी कनपटी पर गोली मारकर हमेशा के लिए आजाद हो गया था।

उसी 27 फरवरी, 1931 के एक दिन पहले 26 फरवरी, 1931 की रात ग्यारह बजे के करीब गाजियाबाद के एक कांग्रेसी नेता रघुनंदन शरण के साथ दुर्गा भाभी और सुशीला जी, चंद्रशेखर का एक खास संदेश लेकर दरियागंज में अवस्थित डॉ. एम.ए. अंसारी के मकान पर गांधीजी से मिलने पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद का संदेश था कि अगर गांधीजी भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव की फांसी की सजा को बदलवा सकें तो चंद्रशेखर जी अपने सभी साथियों के साथ गांधीजी के सामने आत्मसमर्पण कर देंगे। लेकिन गांधीजी ने कहा कि "वे व्यक्तिगत रूप से भगतसिंह को चाहते हैं परन्तु वे उनके तरीके से सहमत नहीं हैं।" दुर्गा भाभी को वह जवाब अच्छा नहीं लगा और वे नमस्कार करके वापस आ गयी।

सच, भगतसिंह का भगतसिंह होने का मतलब यही है कि उनके लिए हमेशा आजाद रहने वाला चंद्रशेखर भी आत्मसमर्पण करने को तैयार हो गये थे। वह भी उस व्यक्ति के सामने जो तब तक आत्म-विभोर राजनीति का प्रतीक बन चुके थे।

भगतसिंह का भगतसिंह होने का मतलब सिर्फ व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक विचारधारा है, एक सिद्धांत है जिसकी भारत ही के नहीं, पूरे भारतीय उपमहाद्वीप के युवाओं को ऐसे राज्य व्यवस्था की तरफ ले जाना था जो 'वसुद्यैव कुटुम्बकम' की महत्ता के अनुरूप 'विश्व बंधुत्व' की ओर पूरी मानवता को ले जाये, जिसका अर्थ समस्त संसार में समानता (साम्यवाद Worldwide Equality in the true sense1/2) के अतिरिक्त और कुछ नहीं समझता। (भगतसिंह के पंजाबी भाषा और लिपि की समस्या नामक लेख से जैसे लिखा है।)

**- राम निवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त**

# एनसीसी दिवस पर कैडेट्स ने विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया


**■ कैडेट्स ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता की भावना प्रदर्शित हुई**

**ब्यावर,** (निसं)। सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देलवाड़ा रोड में एनसीसी दिवस मनाया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरुशरण गोयल तथा एनसीसी प्रभारी (फर्स्ट ऑफिसर) ओमप्रकाश कुमावत ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने तालियों और देशभक्ति के नारों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात सभी कैडेट्स ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता की भावना प्रदर्शित हुई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 46 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। एनसीसी गतिविधियों में प्रिंस, अतुल और निशा, रोशनी ने नेतृत्व करते हुए सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अतुल शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरुशरण गोयल ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल परेड या यूनिफॉर्म नहीं, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की मजबूत नींव है। उन्होंने एनसीसी दिवस के इतिहास और इसका छात्र जीवन व भविष्य में महत्व विस्तारपूर्वक समझाया। इसी क्रम में एनसीसी प्रभारी एवं फर्स्ट ऑफिसर ओमप्रकाश कुमावत ने भी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी वह शक्ति है जो छात्रों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाती है। यह संस्था युवाओं में कर्तव्य, नेतृत्व और समाज सेवा की भावना को विकसित करती है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रविंद्र मेड़तवाल ने एनसीसी कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण जीवनभर काम आने वाला अनुभव है। यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तैयार रहने की प्रेरणा देता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 24 नवम्बर, 2025**


मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 9:54 तक, शूल योग दिन 12:37 तक, वणिज करण प्रातः 8:24 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:27 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-धनु, मंगल-वृश्चिक, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग रात्रि 9:54 तक है। भद्रा प्रातः 8:24 से रात्रि 9:53 तक है। आज विनायक चतुरथी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 8:16 तक, शुभ 9:35 से 10:54 तक, शुभ 1:32 से 2:51 तक, लाभ-अमृत 2:51 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:57, सूर्यास्त 5:30 तक




**मेष**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है।



**वृष**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। मित्रों/रिश्तेदारों से आपसी अनबन हो सकती है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




**मिथुन**

व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना बनेगी।




**कर्क**

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।




**सिंह**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा।




**कन्या**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




**तुला**

व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।




**वृश्चिक**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मकर**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 17 संख्याः 207 प्रभात चूरू, सोमवार, 24 नवम्बर, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# क्रीमी लेयर पर अगला कदम सरकार व संसद को उठाना चाहिए- गवई

## उन्होंने कहा कि खतरनाक सोच विकसित हुई है कि जब तक जज सरकार के खिलाफ निर्णय न दे, उसे स्वतंत्र नहीं माना जाता

नई दिल्ली, 23 नवंबर। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई आज रियाटर हो गए। अपने रियाटरमेंट के मौके पर उन्होंने मीडिया से खास तौर पर बात की और बताया कि बतौर सीजेआई रहते उनका अनुभव कैसा रहा है। मीडिया से बातचीत के दौरान बीआर गवई ने कहा कि एक खतरनाक सोच विकसित हो रही है, जिसके मुताबिक जब तक जज सरकार के खिलाफ निर्णय न दे, उसे स्वतंत्र नहीं माना जाता है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट जजों के हालिया तबादले प्रशासनिक कारणों से किए गए हैं। क्रीमी लेयर पर अदालत ने अपना काम कर दिया, अब सरकार और संसद आगे बढ़ें।

■ **आज सेवानिवृत्त हुए सीजेआई गवई ने साफ कहा कि मैं कोई पोस्ट रिटारयमैंट पद स्वीकार नहीं करूंगा। विश्राम के बाद आदिवासी समुदायों के लिए समय दूंगा।**

बी.आर. गवई ने कहा कि जाति-आधारित आरक्षण में क्रीमी लेयर के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी जिम्मेदारी निभा दी है और अब अगला कदम सरकार और संसद को उठाना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में एससी/एसटी समुदायों के भीतर सब-क्लासिफिकेशन की अनुमति दी थी ताकि आरक्षण का लाभ सबसे वंचित तबकों तक पहुंच। बराबरी नीचे तक पहुंचनी चाहिए। कई अनुसूचित जाति परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो चुके हैं, लेकिन वे अब भी आरक्षण का लाभ ले रहे हैं। यहां तक कि एससी/एसटी समुदाय के कुछ आईएएस अधिकारियों के बच्चे भी कोटा का लाभ लेते हैं। उन्होंने अपने फैसले का हवाला देते हुए कहा था कि राज्य को एससी/एसटी में क्रीमी लेयर की पहचान कर उन्हें आरक्षण से बाहर करना चाहिए, यही वास्तविक समानता का रास्ता है। गवई देश के इतिहास में दूसरे दलित सीजेआई हैं।

कोलीजियम प्रणाली पर उठते सवालों के बीच, सीजेआई गवई ने दावा किया कि जजों के रिश्तेदारों का नाम सामने आने के मामले कुल नियुक्तियों के 10 फीसदी भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ रिश्तेदारी के आधार पर किसी योग्य उम्मीदवार को बाहर नहीं किया जा सकता। सीजेआई गवई ने कहा कि वे सेवानिवृत्ति के बाद कुछ समय विश्राम करेंगे और फिर सामाजिक कार्यों में विशेषकर आदिवासी समुदायों के लिए अपना समय देंगे। उन्होंने साफ कहा कि मैं कोई भी पोस्ट-रिटायरमेंट पद स्वीकार नहीं करूंगा। जूता फेंकने की हालिया घटना पर उन्होंने कहा कि क्षमा मेरे स्वभाव में है, इसलिए तुरंत कोई कार्रवाई न करने का फैसला किया।

# विंग कमांडर नमांश स्याल का सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार हुआ

धर्मशाला, 23 नवंबर। दुबई में शुक्रवार को एयर शो के दौरान तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से बलिदान हुए पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की पार्थिव देह रविवार को विशेष विमान से हिमाचल पहुंची। श्रद्धांजलि देने के बाद उनका सैन्य सम्मान के अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कांगड़ा एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी विंग कमांडर अफशां एयरफोर्स की वर्दी में पति की पार्थिव देह के साथ पहुंचीं। अफशां ने पति को घर में सेल्यूट कर अंतिम विदाई दी। वायुसेना अफसर अफशां ने काफी देर तक अपनपा

■ **उनकी पत्नी विंग कमांडर अफशां विशेष विमान से अपने पति की पार्थिव देह लेकर पहुँची।**

हौसला टूटने नहीं दिया, लेकिन अंतिम विदाई के वक्त वह भी अपने आंसू नहीं रोक पाई। उनकी सात वर्षीय बेटी भी साथ में थी।

पैतृक गांव पटियालकड़ में करीब दो घंटे पार्थिव देह को रखने के बाद मोक्षधाम में सैन्य सम्मान के साथ नमांश स्याल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नमांश स्याल की चिता को मुखाग्नि उनके चचेरे भाई ने दी।

नमांश स्याल के ताया जोगिंद्र स्याल बताया कि इन दिनों नमांश की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आतंकी पाकिस्तान से लाँग रेंज ड्रोन की खेप भारत लाने की तैयारी में था

## जाँच एजेंसियों के अनुसार, इन ड्रोन्स की मदद से भारत में अब तक का सबसे बड़ा हमला करने की योजना थी

नई दिल्ली, 23 नवंबर। राजधानी दिल्ली में लाल किले के बाहर धमाके के बाद जांच एजेंसियां लगातार जांच कर रही हैं। इस बीच फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल को लेकर जांच एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया हैं। जांच एजेंसियां आतंकी दानिश से पूछताछ कर रही हैं। पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ है कि किसी पाकिस्तानी हैंडलर को लॉन्ग रेंज के ड्रोन की खेप भारत पहुंचानी थी। दस किलो तक वजन उठाने की क्षमता वाले ड्रोन को अलग-अलग पार्ट्स के तौर पर भारत भेजने की तैयारी चल रही थी।

दानिश से पूछताछ में यह भी पता चला है कि पाकिस्तानी हैंडलर किसी दूसरे देश से एक्सपोर्ट कंपनी के जरिए ड्रोन के पार्ट्स भेजने की प्लानिंग कर रहे थे। भारत की किसी इंपोर्ट कंपनी के जरिए यह मंगाया जाना था। जानकारी के मुताबिक जिन ड्रोन्स को भारत भेजने की तैयारी चल रही थी, वह कई किलोमीटर की रेंज और वजन उठाने

■ **जानकारी मिली है कि किसी इंपोर्ट कंपनी के जरिए ड्रोन्स के पार्ट्स मंगाये जाने थे। इन्हें भारत में असैम्बल करके आतंकी घटनाओं में उपयोग होना था।**

में सक्षम होते हैं। इसके बाद इन ड्रोन्स की मदद से, तैयार किए गए विस्फोटक से भारत में अब तक का सबसे बड़ा हमला किया जाना था।

गौरतलब है कि पूरे मॉड्यूल का भंडाफोड़ तब हुआ जब श्रीनगर पुलिस ने अक्टूबर के मध्य में नौगाम की दीवारों पर लगे पोस्टरों की जांच शुरू की, जिनमें पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को चेतावनी दी गई थी। श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. जीवी संदीप चक्रवर्ती ने जांच का नेतृत्व किया जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पहले तीन संदिग्धों - आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर उल अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद को गिरफ्तार किया।

इन संदिग्धों से पूछताछ के बाद, मौलवी इरफ़ान अहमद, जो एक पूर्व पैरामेडिक था और अब इमाम बन गया है, को गिरफ़्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि उस पर पोस्टर उपलब्ध कराने और डॉक्टरों को प्रभावित करने का भी आरोप है। इसके बाद, पुलिस ने फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय की जांच की, जहां डॉ. मुज़फ़्फ़र गनई और डॉ. शाहीन सईद को गिरफ़्तार किया गया और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

जांचकर्ताओं का मानना है कि तीन डॉक्टरों, गनई, उमर नबी (लाल किले के पास विस्फोट करने वाली विस्फोटकों से भरी कार का चालक) और फरार मुज़फ़्फ़र राठेर का एक मुख्य समूह इस मॉड्यूल के पीछे था।

# कर्नाटक में कोई भी फैसला आलाकमान करेगा- खड़गे

बंगलूरू, 23 नवंबर। कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन की खबर पर देशभर में चर्चा हो रही है। राज्य में मुख्यमंत्री बदलने के सवाल पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने साफ कहा कि वह अभी कुछ नहीं कहना चाहते। जो भी फैसला होगा, हाईकमान ही करेगा।

■ **बेंगलुरु आवास के बाहर खड़े पत्रकारों को खड़गे ने कहा, यहाँ आपका समय खराब हो रहा है।**

रविवार को अपने बंगलूरू आवास के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए खरगे ने कहा, मैंने जो कहना था कह दिया। यहां खड़े रहकर आपका समय भी खराब हो रहा है और मुझे भी अच्छा नहीं लग रहा। जो भी है-हाईकमान करेगा। आपको ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनका यह बयान ऐसे वक्त आया जब एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री सिद्धरमैया उनसे एक घंटे से ज्यादा समय तक मिले थे। 20 नवंबर को राज्य सरकार के ढ़ाई साल पूरे होने के साथ ही यह सवाल जोर पकड़ रहा है, क्या कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन होगा? वहीं सीएम सिद्धारमैया कह चुके हैं कि हाईकमान जो भी तय करेगा, वह मानेंगे।

# कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा निराधार है- सिद्धारमैया

## उन्होंने कहा कि आलाकमान जो भी कहेगा मुझे व शिवकुमार को उसे मानना होगा

बेंगलुरु, 23 नवंबर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने रविवार को राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए इन खबरों को मीडिया द्वारा संचालित एवं निराधार करार दिया।

सिद्दारमैया ने बेंगलुरु में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की और इस मुलाकात को एक नियमित बातचीत बताया।

उन्होंने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने आगे कहा कि चर्चा संगठनात्मक मामलों और बेंगलुरु नगर निगम चुनावों सहित आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर केंद्रित थी।

मुख्यमंत्री बदलने के सवालों का तीखा जवाब देते हुए सिद्दारमैया ने कहा, "यह केवल अटकलें हैं। आपने (मीडिया ने) इसे बनाया है।" उन्होंने यह भी कहा कि वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे और और भविष्य का बजट भी पेश करेंगे।

■ **उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी कहा कि नेतृत्व संबंधी सभी निर्णय केन्द्रीय नेतृत्व लेता है। आलाकमान जो भी फैसला करेगा, हम उसका पालन करेंगे।**

कर्नाटक के कई विधायकों और विधान पार्षदों द्वारा 2023 के सत्ता-बंटवारे के फार्मूले पर जोर देने के लिए नयी दिल्ली में डेरा डाले जाने की खबरों पर सिद्दारमैया ने कहा कि उन्होंने खरगे से उन बैठकों के बारे में कोई सवाल नहीं किया है।

उन्होंने कहा, "विधायकों को जाने दीजिए लेकिन आलाकमान जो भी कहेगा अंततः हम सभी को उसे मानना होगा। चाहे मैं हूं या डी के शिवकुमार सभी को इसे मानना होगा।"

सिद्दारमैया के मुख्यमंत्री पद पर ढ़ाई साल पूरे होने के साथ ही नेतृत्व को लेकर चर्चाएं तेज़ हो गई हैं और बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने की अटकलें भी तेज हो गई है। कांग्रेस ने अभी तक ऐसी किसी व्यवस्था की पुष्टि नहीं की है, हालांकि, 2023 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के बाद से इस पर व्यापक रूप से चर्चा हो रही है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी कहा है कि नेतृत्व संबंधी सभी निर्णय केंद्रीय नेतृत्व लेता है। उन्होंने पहले कहा था, "आलाकमान ही फैसला करेगा। वह जो कहेगा, हम उसका पालन करेंगे।"

इस पृष्ठभूमि में, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने यह दावा करके राजनीतिक हलचल मचा दी कि कांग्रेस में विस्फोटक घटनाक्रम करीब है और पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयार रहना चाहिए।

# कोयला माफिया पर छापों में ईडी को 14 करोड़ रूपए नकद मिले

कोलकाता, 23 नवंबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल और झारखंड में कोयला माफिया के खिलाफ कार्रवाई में 14 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और जूलरी मिली है।

ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि ये बरामदगियां कोयला तस्करी से जुड़ी हैं। एजेंसी ने जमीन की बिक्री,

■ **पश्चिम बंगाल व झारखंड में ईडी ने 44 स्थानों पर छापे मारे।**

खरीद के एग्रीमेंट पेपर्स और कई डिजिटल डिवाइस तथा इन धंधों के प्रमोटरों द्वारा नियंत्रित की जाने वाली इकाई के खाते भी जब्त किए।

कोयले के बड़े पैमाने पर गैर-कानूनी खनन, चोरी, परिवहन, भंडारण और बिक्री के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत शुक्रवार को दोनों राज्यों में 44 जगहों पर छापे और गहन तलाशी अभियान चलाए गए। अधिकारी ने दावा किया कि झारखंड के धनबाद और दुमका में 20 जगहें मुख्य रूप से लाल बहादुर सिंह, अनिल गोयल, संजय खेमका, अमर मंडल, उनकी कंपनियों/इकाइयों और उनसे जुड़े लोगों से जुड़ी हैं। वहीं पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता में 24 जगहें छापे और गहन तलाशी अभियान चलाए गए।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के साथ ईडी के 100 से अधिक अधिकारी तलाशी में शामिल थे। ईडी की जांच पश्चिम बंगाल और झारखंड पुलिस द्वारा गैर-कानूनी कोयला तस्करी के मामले में दर्ज कई प्राथमिकी पर आधारित है, जो मुख्य रूप से दोनों राज्यों के बीच चल रही है।

# राजनीतिक दलों ने "चंडीगढ़ को पंजाब से छीनने" के प्रस्ताव का विरोध किया

## केन्द्र सरकार का प्रस्ताव है कि राष्ट्रपति को केन्द्र शासित चंडीगढ़ के लिए सीधे कानून बनाने का अधिकार हो

फगवाड़ा, 23 नवंबर। केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के दायरे में लाने के केंद्र के प्रस्ताव ने पंजाब में एक बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सीधे नियम बनाने और कानून बनाने का अधिकार देता है।

इस कदम का उद्देश्य चंडीगढ़ को बिना विधानसभा वाले अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के बराबर लाना है। कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी सहित पंजाब के अनेक राजनीतिक दलों ने इस प्रस्ताव की निंदा की है और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर चंडीगढ़ पर पंजाब के लंबे समय से चले आ रहे दावे को खत्म करने का आरोप लगाया है। चंडीगढ़ 1966 के पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के बाद से पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी है।

लोकसभा सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल, पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह मान, फगवाड़ा के विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल और वरिष्ठ अकाली नेता रणजीत सिंह खुराना ने कड़े शब्दों में बयान जारी कर इस कदम की निंदा

■ **विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का कहना है, यह प्रस्ताव पंजाबियों के साथ विश्वासघात होगा तथा चंडीगढ़, पंजाब को हस्तांतरित करने के पिछले आश्वासनों का उल्लंघन होगा।**

करते हुए इसे "पंजाब विरोधी" बताया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि चंडीगढ़ 1966 में पंजाब की राजधानी के रूप में स्थापित हुआ था और पंजाब के राज्यपाल दशकों तक इसके प्रशासक रहे। उन्होंने तर्क दिया कि प्रस्तावित संशोधन शहर को पंजाब से "छीनने" जैसा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक "राजनीति से प्रेरित" है और केंद्र से इस पर आगे न बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यह देश के लिए अद्वितीय बलिदान देने वाले पंजाबियों के साथ विश्वासघात होगा और चंडीगढ़ को पंजाब को हस्तांतरित करने के पिछले आश्वासनों का उल्लंघन होगा। उन्होंने कहा कि यह संशोधन पंजाब के अपनी राजधानी के ऐतिहासिक और संवैधानिक दावे को प्रभावी ढ ंग से कमजोर करने का प्रयास करता है।

सांसद डॉ. चब्बेवाल ने इस प्रस्ताव को दिनदहाड़े डकैती करार दिया और पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रतिरोध का आ ान किया। उन्होंने पंजाब के सभी सांसदों से राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आगामी शीतकालीन सत्र में इस संशोधन को हराने के लिए एकजुट मोर्चा बनाने का आग्रह किया।

फगवाड़ा के विधायक धालीवाल ने एकजुटता का आव्हान दोहराते हुए ज़ोर देकर कहा कि पंजाब के राजनीतिक नेतृत्व को राज्य की पहचान और संघीय अधिकारों से इतने गहरे जुड़े मुद्दे पर एक स्वर में बोलना चाहिए।

शीतकालीन सत्र के नजदीक आते ही विवाद बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि राजनीतिक दल पंजाब की सहमति के बिना चंडीगढ़ की स्थिति में बदलाव के किसी भी प्रयास का विरोध करने की कसम खा रहे हैं।

# 12 राज्यों में एसआईआर के 99 प्रतिशत प्रपत्र वितरितः चुनाव आयोग

नयी दिल्ली, 23 नवंबर। चुनाव आयोग ने रविवार को स्पेशल विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में उल्लेखनीय प्रगति की घोषणा की है।

आयोग ने बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित

■ **चुनाव आयोग ने कहा कि लगभग 40 प्रतिशत, अर्थात् 20 करोड़ से अधिक प्रपत्रों का डिजिटाइज़ेशन भी हो चुका है।**

किए जा चुके हैं। आयोग की दैनिक सूचना से पता चला है कि 50.47 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं और लगभग 40 प्रतिशत, यानी 20 करोड़ से अधिक प्रपत्र, पहले ही डिजिटाइज़ किए जा चुके हैं।

प्रपत्र वितरण में गोवा और लक्षद्वीप शीर्ष पर रहे, जहाँ 100 प्रतिशत प्रपत्र वितरित किये जा चुके हैं। इसके बाद अंडमान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हर बार गीता के चिन्तन में नई बात मिलती है- मोहन भागवत

## संघ को कोई विदेशी देश, संस्था या बाहरी संगठन फंड नहीं करता-योगी

लखनऊ, 23 नवंबर। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में रविवार को आयोजित दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में सीएम योगी और आरएसएस चीफ मोहन भागवत शामिल हुए। कार्यक्रम गीता के उपदेशों, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के संदेशों से भरपूर रहा। इस दौरान सीएम योगी ने पहली बार खुले मंच से संघ की फंडिंग पर उठ रहे सवालों का करारा जवाब दिया।

सीएम योगी ने कहा कि आरएसएस की फंडिंग को लेकर दुनिया से आए अंबेसडर, हाई कमिश्नर्स हमसे पूछते हैं कि आरएसएस की फंडिंग कहाँ से आती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने पूरे सौ वर्षीय इतिहास में कभी भी सेवा के साथ सौदेबाजी नहीं की। संघ को कोई विदेशी देश, संस्था या बाहरी संगठन फंड नहीं करता है। आरएसएस समाज के सहयोग, लोगों की निःस्वार्थ भावना और राष्ट्रप्रेम से चलता है। सीएम योगी ने गीता के श्लोकों का उल्लेख करते

■ **भागवत व योगी ने लखनऊ में दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया।**

हुए कहा कि जहां सत्य और धर्म का मार्ग होता है, वहीं विजय मिलती है।

इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि गीता मूल में पढ़नी चाहिए, समझ लेनी चाहिए, तो पता चलेगा। गीता का और एक गुण विशेष ऐसा है कि हर बार आप चिंतन करते हो, तो हर बार आपको नई बात मिलती है। जो भी स्थिति में आपको उपयोगी लगती है, क्योंकि वो सब कुछ है, उससे सदा-सर्वदा, सब परिस्थितियों के लिए सब उपाय मिलते है। मोहन भागवत ने कहा कि भगवान ने पहली बात बताई कि तुम समस्या को टालने का प्रयास कर रहे हो, भागने का प्रयास कर रहे हो।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि पहली बात है कि भागो मत, खड़े रहो, समस्या आई, उसका सामने से मुकाबला करो।

समस्या का निदान पाना है, तो दाएं-बाएं नहीं देखना है। समस्या के अंदर घुसकर निदान करना पड़ता है और इसलिए खड़े रहो, भागो मत। वहीं सीएम योगी ने कहा कि दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव की जब हम बात करते हैं तो श्रीमद् भागवत गीता के 700 श्लोक जिन्हें हर भारत का सनातन धर्मावलंबी जीवन का मंत्र मानकर बड़ी पवित्रता के साथ, बड़े आदर भाव के साथ उन्हें आत्मसात करने का प्रयास करता है।

# शीतकालीन सत्र में चंडीगढ़ विधेयक नहीं लाया जाएगा

नयी दिल्ली, 23 नवंबर। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की वैधानिक स्थिति बदलने के बारे में आ रही रिपोर्टों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अभी चंडीगढ़ के लिये केंद्र द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है और इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

■ **केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परम्परागत संबंधों में परिवर्तन के बारे में कोई बातचीत नहीं चल रही है।**

इन रिपोर्टों के कारण सियासी हलकों में तीखी प्रक्रिया हो रही है। इसे देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने के बारे में कोई बातचीत नहीं चल रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत में अमेरिका के बाद सर्वाधिक डोमेस्टिक पर्यटन संभावनाएं : शेखावत

## बीकानेर में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा ''पश्चिमी राजस्थान में पर्यटन की पुनर्कल्पना'' विषयक संगोष्ठी आयोजित

**बीकानेर,** (निसं)। केंद्रीय पर्यटन एवं कला मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्यटन स्थलों पर पर सुविधाएं बढ़ाने के साथ इनमें कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में भी सुनियोजित तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत रविवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा ''विकसित भारत विकसित राजस्थान-2047'' के संदर्भ में ''पश्चिमी राजस्थान में पर्यटन की पुनर्कल्पना'' विषयक संगोष्ठी को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शिवबाड़ी महंत स्वामी विमर्शानन्द तथा बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



केन्द्रीय पर्यटन व कला मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत समेत अतिथियों ने संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य पर दुनिया के देशों में जीडीपी की 10 प्रतिशत से ज्यादा भागीदारी पर्यटन क्षेत्र की है। भारत में यह भागीदारी 5.5 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से प्रयास करते हुए इसे विश्व जीडीपी के औसत पर लाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए पॉलिसी निर्धारण और क्रियान्वयन किया जा रहा है। शेखावत ने कहा कि देश की पर्यटन जीडीपी में राजस्थान का हिस्सा अन्य प्रदेशों की तुलना में अधिक है। यहां जैसी संभावनाएं और विविधताएं हैं, इनके मध्यनजर यहां अनेक अवसर मौजूद हैं। भारत में अमेरिका के बाद डॉमेस्टिक टूरिज्म की सर्वाधिक संभावनाएं हैं। गत वर्ष अयोध्या के राम मंदिर में 8 करोड़ तथा उज्जैन के महाकाल मंदिर में 7.5 करोड़ लोग पहुंचे। गत महाकुंभ में 45 दिनों में 66 करोड़ लोगों का पहुंचना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोविड के बाद हमारा देश पर्यटन की दृष्टि से टॉप रिवाइवल देश में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में 50 नए आईकॉनिक पर्यटन स्थल तैयार किया जा रहे हैं। इन्हें विश्व स्तर के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में तैयार पर्यटन नीति तथा पर्यटकों के लिए किया जा रहे नवाचारों की सराहना की।

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बीकानेर कहा कि बीकानेर अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए विश्व विख्यात है। यहां पर्यटन की दृष्टि से अनेक संभावनाएं हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से बीकानेर में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म एंड ट्रैवलिंग मैनेजमेंट की शाखा खोलने का आग्रह किया। साथ ही खाद्य पदार्थों एवं दूध की टेस्टिंग लेब स्थापित करने की आवश्यकता जताई। इस दौरान पर्यटन विशेषज्ञ गोपाल सिंह चौहान ने 'इको टूरिज्म' विकसित करने, फोक म्यूजिक फेस्टिवल आयोजित करने तथा प्रदेश के सभी जिलों में पर्यटन की दृष्टि से कार्य करने का सुझाव दिया। होटल व्यवसाय विशेषज्ञ डॉ. नरेश गोयल ने एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा हेरिटेज रूट को विकसित करने, इमरान उस्ता ने उस्ता कला से युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए सुनियोजित ढंग से प्रशिक्षण आयोजित करने की बात रखी।

उद्यमी विजय सिंह राठौड़ ने मेलों और उत्सवों के प्रचार प्रसार करने, आशि शर्मा ने पाठ्यक्रम में पर्यटन से जुड़े तथ्य शामिल करने और बच्चों को इनसे जोड़ने की बात कही। लोक कलाकार गोपाल बिस्सा शहर की हवेलियों के संरक्षण के लिए सख्त कदम उठाने एवं नाइट टूरिज्म को विकसित करने का सुझाव दिया। समारोह में पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, अतिरिक्त कलेक्टर नगर रमेश देव, कुलसचिव कुणाल राहड़, वित्त नियंत्रक देवेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. बिठ्ठल बिस्सा, डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली, डॉ. अमित व्यास सहित विश्वविद्यालय के स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी तथा अन्य क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्रीगंगानगर में अधिकांश सीएचसी पर खांसी की सिरप नहीं

- चिकित्सक कहीं टेबलेट दे रहे तो कहीं बाजार से खरीदने को मजबूर हैं लोग

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। अधिकांश सीएचसी पर खांसी की सिरप नहीं होने से परेशानी हो रही है। जैतसर के सीएचसी प्रभारी डॉ. अनोख बिश्नोई ने बताया कि वर्तमान में क्लोरफेनिरामाइन, पैरासिटामोल और सीट्रीजन के समूह वाली एंटी कोल्ड सीरप का वितरण रोगियों को किया जा रहा है। यह सीरप सभी प्रकार की खांसी में कारगर साबित हो रही है। टैबलेट भी उपलब्ध है, लेकिन रोगी सिरप ही मांग रहे हैं। रायसिंहनगर सीएचसी में मरीजों को अन्य साल्ट वाली खांसी की कफ सिरप दे रहे हैं।

प्रभारी डॉ. तेजपाल शर्मा ने बताया कि अन्य साल्ट की दवा खांसी के रोगियों को दी जा रही है। घड़साना सीएचसी के प्रभारी डां. संदीप पचार ने बताया कि खांसी रोगियों को अन्य साल्ट की दवा दी जा रही हैं। रिड़मलसर सीएचसी में खांसी की जो दवा स्टॉक में है, उस पर रोक है। डॉ. प्रेम कुमावत ने बताया कि अन्य कंपनी की दवा का स्टॉक अभी नहीं आया। बच्चों के लिए ड्रॉप्स आ रही है। बड़े मरीजों के लिए खांसी की टेबलट्स उपलब्ध है। निरवाना सीएचसी में 9 अक्टूबर को खांसी की दवा के रूप में एक हजार सिरप का स्टॉक आया था।

प्रभारी डॉ. दयाराम मीणा ने बताया 14 नवंबर से खांसी की दवा खत्म है। कायसिन कंपनी की दवा का स्टॉक है लेकिन उस पर रोक है। सितंबर में एक बार अपने स्तर पर सीएचसी प्रबंधन ने खांसी की दवा मंगवाई थी। श्रीविजयनगर सीएचसी पर एक माह से सिरप उपलब्ध नहीं है। डॉ. कमलकांत ने बताया कि विकल्प के रूप में मरीजों को गोलियां दी जा रही हैं।

मंडी 365 हेड के पीएचसी व रावला सीएचसी में एक पखवाड़े से खांसी की दवा समाप्त है। मंडी 365 हेड पीएचसी प्रभारी सिमरन बिश्नोई ने बताया कि खांसी के रोगी अपने स्तर पर बाहर से दवा ले रहे हैं। पीएचसी स्तर पर रोगियों के लिए बाहर से दवा खरीदने की शक्तियां स्टाफ के पास नहीं हैं। इधर रावला मंडी सीएचसी के डॉ. राकेश गहन ने बताया कि खांसी की दवाई के लिए सीएमएचओ कार्यालय पत्र भिजवाया है।

केसरीसिंहपुर कस्बे के सीएचसी पर खांसी की दवा दो दिन से खत्म है। उच्चाधिकारियों को मांग भिजवाई है। एनओसी मिलने के बाद खरीद भी की जाएगी। प्रभारी डॉ. धीरज मंगल ने बताया कि इससे पहले करीबन 2 लाख की दवाइयां खरीद कर वितरित की जा चुकी हैं। इसमें खांसी सिरप भी शामिल थी। श्रीकरणपुर के सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 500 मरीज की ओपीडी है। इनमें से अधिकांश रोगी खांसी, जुकाम और बुखार के आ रहे हैं। हर महीने औसत दो हजार से अधिक कफ सिरप की खपत है।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज अरोड़ा ने बताया कि फिलहाल एनओसी लेकर 1200 कफ सिरप स्थानीय स्तर पर क्रय की जा रही हैं। इसके बावजूद अस्पताल से कई रोगियों को अस्पताल से खांसी की दवा नहीं हो पाती। कफ सिरप के उपयोग को लेकर लोगों को जागरुक होने की जरूरत है। इसके अधिक उपयोग से बचना चाहिए। खास तौर पर बच्चों के मामले में ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है। पहले भी चार साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सप्रेसेंट देने से परहेज करते थे। छोटे बच्चों में कफ रिफ्लेक्स कम होता है। कफ सिरप में मौजूद डिप्रेसेंट से बच्चे को गहरी नींद आती है। इन स्थितियों में डेक्ट्रोमिथारफेन जैसे सिरप देना सही नहीं है। इसकी बजाय नेबुलाइजर का उपयोग कर खांसी का उपचार करना चाहिए। हॉस्पिटल में मरीज कफ सिरप लिखने की मांग करते हैं। अधिक उम्र में भी ज्यादा दवा लेना ठीक नहीं है।

निशुल्क दवा योजना में दी जाने वाली अकेली सिरप डेक्सामेथोरोफेन हाइड्रोक्लोराइड की सप्लाई पर प्रतिबंध के बाद अब प्रदेश के अस्पतालों में खांसी के रोगियों के लिए संकट खड़ा हो गया है। अक्टूबर से लेकर अब तक जिले में जिला अस्पताल से 18 हजार शीशी सबस्ट्यूड सिरप खरीद करके मरीजों को दी जा चुकी है। अब फिर दवा वितरण केंद्र ड्राई हो गए हैं। राज्य सरकार ने डेक्सामेथोरोफेन सिरप की सप्लाई का टेंडर किया था। उक्त दवा के सेवन से बच्चों की मौत के बाद सभी बैच पर प्रतिबंध है। अन्य किसी भी कंपनी के साथ कोई अनुबंध नहीं था। लिहाजा, पूरे प्रदेश में ही खांसी के इस सॉल्ट की कमी है। दूसरी ओर जिले भर में बुखार व खांसी के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। ओपीडी में खांसी रोगियों की संख्या औसतन 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ी है।

# 'किसान को उत्तम खाद, बीज व दवा मिले, इसके लिए सख्त कानून लाया जाएगा'

- कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा भीलवाड़ा पहुंचे, मीडिया से बात की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा अल्प्रवास के दौरान भीलवाड़ा पहुंचे। इस दौरान सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मंत्री मीणा ने भीलवाड़ा सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि किसान और हम कभी भी नहीं सोच सकते कि खाद नकली हो सकता है। बीज भी घटिया हो सकता है, ऐसा पेस्टिसाइड भी बन सकता है जो किसानों की फसलों पर असर न करे। इन तीनों चीजों पर सख्त कारवाई की गई है। इस दौरान प्रदेशभर में नकली खाद व नकली बीज भी पकड़ा था। राजस्थान में व्यापक स्तर पर गलत खाद व बीज के विरुद्ध अभियान चलाया है।

कृषि मंत्री ने कहा कि किसान को उत्तम खाद, बीज व दवा मिले, इसके लिए सख्त कानून लाया जाएगा, जिससे किसान को नकली खाद-बीज न मिले। मंत्री मीणा ने एसआईआर को लेकर कहा कि बिना बात राजनीतिक तूल दिया जा रहा है। विपक्ष मुद्दा बनाकर देश की जनता को गुमराह करना चाहता है। सभी ने बिहार का परिणाम देखा है। देश की जनता जो चाहती है उस मुताबिक चुनाव आयोग काम कर रहा है। एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने वाले चाहते हैं कि कुछ घुसपैठिए वोट डालें। कृषि मंत्री रविवार को एक दिवसीय भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहे। भीलवाड़ा सर्किट हाउस में पहुंचने पर कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा का भाजपा पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद किरोड़ी लाल मीणा ने मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बरूदनी कस्बे में शहीद जगन्नाथ मीणा की मूर्ति का अनावरण भी किया। इस दौरान सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा सहित जिले के जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# गांव हीरवाना को गढला कलां में जोड़ने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया

- ग्रामीणों ने चुनावों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में कई नव ग्राम पंचायतों का गठन किया गया है। ऐसे में ग्राम पंचायत मैनपुरा के राजस्व गांव हीरवाना को हटाकर नवगठित ग्राम पंचायत गढला कलां में जोड़ा गया है, जिससे हीरवाना के ग्रामीणों में भारी आक्रोश बना हुआ है। रविवार को हीरवाना गांव के ग्रामीणों की श्री कृष्ण गौशाला चंवरा हीरवाना में बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया।



ग्रामीणों ने विरोध जताकर नारेबाजी की।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि हीरवाना गांव से मैनपुरा की दूरी मात्र 500 मीटर है, जबकि गढला कलां हीरवाना से 10 से 15 किलोमीटर दूर है। ऐसे में हीरवाना को नवगठित गढला कलां पंचायत में जोड़ने से हीरवाना के ग्रामीणों को पंचायत हैडक्वाटर आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, जो हीरवाना की समस्त जनता के हितों के ऊपर कुठाराघात है। ग्रामीणों ने कहा कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल जिले के आला अधिकारियों से मिलकर हीरवाना को ग्राम पंचायत मैनपुरा या चंवरा में शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपेंगा। उन्होंने बताया कि हीरवाना की राजस्व सीमा ग्राम पंचायत मैनपुरा से सटकर लगती है और मैनपुरा पंचायत हैडक्वार्टर की दूरी मात्र 500 मीटर ही है। यदि हीरवाना को ग्राम पंचायत चंवरा में भी जोड़ा जाता है तो हीरवाना से चंवरा की दूरी मात्र तीन किलोमीटर है। चंवरा की समस्त सीमा भी हीरवाना गांव से सटकर लगती है। गढला कलां जाने के लिए एक पंचायत की सीमा लांघकर हीरवाना को पंचायत हैडक्वार्टर जाना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने कहा कि राजनैतिक द्वेषता के कारण हीरवाना को गढला कलां ग्राम पंचायत में जोड़ा गया है, जो कतई स्वीकार नहीं है। शीघ्र ही हीरवाना को मैनपुरा या चंवरा में नहीं जोड़ा जाता है तो मजबूरन ग्रामीणों को धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राजस्थान सरकार और प्रशासन की होगी। वहीं ग्रामीणों ने चुनावों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। इस दौरान कैप्टन रामावतार लमोड़, उदमी बारवाल, दातार सिंह शेखावत, महावीर खेदड़, सूबेदार किशोर सिंह, महावीर अधाणा, खेमचंद कड़ाला, सुशील महण, सज्जन सिंह, दीपक मूंड, चौथूराम बारवाल, पालाराम बारवाल, कन्हैयालाल, जगदीशसिंह शेखावत, श्रवण सैनी, रामकरण स्वामी, विक्रम सिंह शेखावत, विकास सिंह शेखावत, भवानी सिंह शेखावत, मुकेश सिंह शेखावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वोल्टेज की समस्या को लेकर किसानों का प्रदर्शन

- किसानों ने कहा कि समस्या हल नहीं होने पर 27 नवंबर को पावर हाउस का घेराव किया जायेगा

**सिंघाना,** (निसं)। रविवार को घरड़ाना खुर्द के पावर हाउस पर कृषि कुओं पर गंभीर वोल्टेज समस्या को लेकर किसानों ने अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप दो घंटे विद्युत सप्लाई काट दी।

मुख्य अभियंता व अन्य उच्च अधिकारियों को फोन से समस्या से अवगत करवाने पर 26 नवंबर तक समस्या का हल होने के आश्वासन पर विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। वहीं 26 नवंबर तक समस्या का हल ना होने पर 27 नवंबर को पावर हाउस का घेराव किया जाएगा।

किसानों में इस बात को लेकर जबरदस्त आक्रोश था कि कम वोल्टेज के कारण किसानों की मोटरें या तो जल जाती हैं या फिर अधिकांश समय बंद पड़ी रहती हैं। विरोध प्रदर्शन को अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, हरपालसिंह राव, राजकपूर, बीरबल हवलदार, समाजसेवी संदीप राव, मंदरूप, अशोक राव, हेमंत, विनोद, सत्यवीर, लीलाधर आदि ने संबोधित किया।

# बदमाशों ने स्कूटी सवार महिला को लूटा

**उदयपुर,** (निसं)। अम्बामाता थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार बदमाश स्कूटी सवार महिला का पर्स छीन ले गए। मामले को लेकर महिला ने पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू रामपुरा अम्बामाता निवासी प्रभा चतुर्वेदी पत्नी जगदीश चन्द्र शनिवार सांय स्कूटी पर शहर से घर लौट रही थी। जहां बीच रास्ते में ओटीसी स्कीम क्वार्टर रोड़ पर आए स्कूटी सवार तीन बदमाश झपट्टा मार पर्स छीन ले गए। पर्स में दो मोबाईल, नकदी व दस्तावेज थे। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच एएसआई नरेन्द्रसिंह कर रहे हैं।

**युवक की अकाल मौत :-** उदयपुर शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात में पुला गांव निवासी राकेश (22) पुत्र बंशीलाल की अकाल मौत हो गई। राकेश रात में शादी समारोह से घर लौटा था एवं रात में नींद निकाल रहा था। हलचल नहीं होने पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, हेडकांस्टेबल राजपाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## ट्रेन रद्द रहेगी

**जोधपुर,** (कासं)। तकनीकी रखरखाव कार्य के चलते जोधपुर-साबरमती-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार को एक ट्रिप के लिए रद्द रहेगी। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया कि ट्रेन संख्या 12461/ 12462, जोधपुर- साबरमती-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का 24 नवंबर एक ट्रिप के लिए संचालन रद्द किया गया है।

# पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के गांव नगला बेड़ा महरावर में रविवार को पेड़ काटने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते विवाद का रूप ले लिया और दोनों ओर से मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के दो-दो लोग घायल हो गए। घायलों को बयाना उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों से घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर सदर थाने में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवाद घर के बाखर में एक पेड़ को काटने को लेकर शुरू हुआ था, जो बाद में झगड़े में बदल गया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# चिड़ावा की पूर्व प्रधान ने मोर्चा खोला

## पूर्व प्रधान इंदिरा डूडी ने पूर्व प्रधान रोहिताश्व धांगड़, चिड़ावा बीडीओ अनिशा बिजारणियां और अपनी ही पार्टी कांग्रेस के उपप्रधान विपिन नूनियां पर आरोप लगाए

- 'जो भ्रष्टाचार का खेल पिछले एक साल में चिड़ावा पंचायत समिति में हुआ है, वे उसकी ना केवल जांच करवाएगी, बल्कि दोषियों को जेल पहुंचाने तक की लड़ाई लड़ने वाली है'
- इंदिरा डूडी ने चिड़ावा पंचायत समिति में 45 प्रतिशत तक कमिशन, जीएसटी के नाम से वसूलने का आरोप लगाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। दो दिन पहले झुंझुनूं जिले की चिड़ावा पंचायत समिति प्रधान इंदिरा डूडी के इस्तीफे की खबर सामने आई थी। अब इस्तीफा देने के बाद चिड़ावा पंचायत समिति की पूर्व प्रधान इंदिरा डूडी ने ना केवल पूर्व प्रधान रोहिताश्व धांगड़, बल्कि चिड़ावा बीडीओ अनिशा बिजारणियां और अपनी ही पार्टी कांग्रेस के उपप्रधान विपिन नूनियां पर जमकर आरोप लगाए हैं और कहा है कि जो भ्रष्टाचार का खेल पिछले एक साल में चिड़ावा पंचायत समिति में हुआ है, वे उसकी ना केवल जांच करवाएगी, बल्कि दोषियों को जेल पहुंचाने तक की लड़ाई लड़ने वाली है।



चिड़ावा पं. समिति की पूर्व प्रधान इंदिरा डूडी ने प्रेसवार्ता की।

जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार जैसे आरोपों से क्लिन चिट मिलने के बाद झुंझुनूं जिले की चिड़ावा पंचायत समिति की प्रधान इंदिरा डूडी ने फिर से कार्यभार संभाल लिया था, लेकिन उन्होंने अब अपना इस्तीफा देते हुए पूर्व प्रधान रोहिताश्व धांगड़, बीडीओ अनिशा बिजारिणयां तथा उप प्रधान विपिन नूनियां के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने झुंझुनूं में हुई प्रेस वार्ता में आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधान रोहिताश्व धांगड़ ने अपने करीबी धर्मपाल और बीडीओ अनिशा बिजारणियां के साथ पार्टनरशिप में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी बनाई है। इसी फर्म को चिड़ावा पंचायत समिति के 90 प्रतिशत से ज्यादा कार्य दिए गए हैं। वहीं सरपंचों और ग्राम विकास अधिकारियों को भी पाबंद किया गया है कि पंचायतों में जो भी काम होंगे, वो सभी इसी कंस्ट्रक्शन कंपनी से होंगे। साथ ही उन्होंने चिड़ावा पंचायत समिति में 45 प्रतिशत तक कमिशन, जीएसटी के नाम से वसूलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वे एक-एक कार्य की जांच करवाएगी, जिसके बाद ना केवल जनता का पैसा वापिस पंचायत समिति आएगा। बल्कि दोषी जेल जाएंगे।

इधर, पूर्व प्रधान इंदिरा डूडी ने अपनी ही कांग्रेस पार्टी के उप प्रधान और यूथ कांग्रेस के पिलानी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष विपिन नूनियां पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें झूठे आरोपों के बाद पद से हटाया गया था। तो कायदे से उप प्रधान को चार्ज दिया जाना था, लेकिन पता नहीं किस लालच या फिर किन परिस्थितियों के कारण विपिन नूनियां ने खुद प्रधानी नहीं ली और बाकायदा सरकार को पत्र लिखकर कहा कि वे अपने कार्यों में व्यस्त होने के कारण प्रधान का चार्ज लेने में असमर्थ है। यही नहीं उन्होंने इसी पत्र में पंचायत समिति सदस्य रोहिताश्व धांगड़ को चार्ज देने की सिफारिश तक दी। यह पहली बार हुआ कि सरकार जिसे प्रधानी सौंप रही थी, वो लेने से मना कर रहा था और सिफारिश में भी एक ऐसे व्यक्ति की कर रहा था जो प्रतिद्वंद्वी भाजपा पार्टी के पाले में था। यह जांच का विषय है। इसकी जानकारी वे कांग्रेस आलाकमान तक पहुंचाएगी।

प्रेस वार्ता में चिड़ावा की पूर्व प्रधान इंदिरा डूडी ने नाम लिए बगैर झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू पर भी कई आरोप लगाए और कहा कि भांबू ने सरकार पर दबाव बनाया, ताकि इंदिरा डूडी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। बहरहाल, डूडी ने प्रेस वार्ता में यह भी साफ किया कि उन्होंने क्लीन चिट मिलने के बाद दुबारा अपना कार्यभार संभाल लिया था, लेकिन पांच दिनों में जिस तरह का माहौल और भ्रष्टाचार का गदर पंचायत समिति में देखा। उसी दिन इस भ्रष्टाचार को बेनकाब करने का संकल्प लिया और अपना इस्तीफा दे दिया। पूर्व प्रधान इंदिरा डूडी की मानें तो अब उनका यही मिशन है कि जनता की सेवा करते हुए कथित भ्रष्टाचारियों को बेनकाब कर उनका सजा दिलवाना। वहीं विधायक राजेंद्र भांबू और पूर्व प्रधान रोहिताश्व धांगड़ ने सारे आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

# राजगढ़ भैरव धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने नशा त्यागने का संकल्प लिया

- राजगढ़ मसानिया भैरव धाम पर पल्स पोलियो दिवस मनाया गया

**अजमेर/राजगढ़,** (निसं)। राजगढ़ मसानिया भैरव धाम पर 23 नवम्बर को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित पल्स पोलियो दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य उपासक चंपालाल महाराज के सानिध्य में बाघसुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुपरवाइजर सुषमा कुमारी और फार्मासिस्ट शिल्पा बिस्वास की उपस्थिति में 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई गई। वहीं राजगढ़ भैरव धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने नशा त्यागने का संकल्प लिया।



मुख्य उपासक चंपालाल महाराज के सानिध्य में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई गई।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि पोलियो बूथ की व्यवस्था एवं बच्चों को खुराक पिलाने में समाजसेवक सत्यजीत बिस्वास और पूनम वर्मा ने विशेष सहयोग दिया। चंपालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पोलियो की दो बूंद बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए अमृत समान है। उन्होंने बताया कि देश पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है, लेकिन जरा सी लापरवाही वायरस की वापसी का खतरा बढ़ा सकती है, इसलिए प्रत्येक अवसर पर बच्चों को पोलियो खुराक अवश्य दिलानी चाहिए। रविवारीय मेले में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने चंपालाल महाराज की प्रेरणा से श्री मसानिया भैरव धाम पर चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, डोडा-पोस्त, अफीम, चरस, गांजा और अपराध जैसी बुरी आदतों को त्यागने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में बूथ संचालन एवं व्यवस्था में सुपरवाइजर सुषमा कुमारी, फार्मासिस्ट शिल्पा बिस्वास, समाजसेविका पूनम वर्मा, सत्यजीत बिस्वास सहित भैरव भक्त मंडल के ओमप्रकाश सेन, रमेश सेन, राहुल सेन, अविनाश सेन, पदमचंद जैन, सुनील रांका, दिलीप राठी, महावीर रांका, सत्यनारायण सेन, ममता सोनी आदि का विशेष योगदान रहा।

# वृंदावन जा रही कार को थार गाड़ी ने टक्कर मारी, दो की मौत, सात श्रद्धालु घायल

## जयपुर के फागी निवासी अपने परिवार सहित वृंदावन दर्शन के लिए जा रहे थे, सेवर-मथुरा बाईपास पर हुआ हादसा

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के सेवर थाना क्षेत्र मथुरा बाईपास स्थित मुरवारा रोड के पास शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में वृंदावन दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं की ईको कार को पीछे से तेज रफ्तार थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार व लापरवाही से की गई ओवरटेकिंग पाया गया है**
- **हादसे में कार चालक और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात श्रद्धालु घायल हो गए**

सेवर थाना प्रभारी सतीश शर्मा के अनुसार जयपुर के फागी निवासी अपने परिवार सहित वृंदावन दर्शन के लिए जा रहे थे। शनिवार देर रात ईको गाड़ी सेवर-मथुरा बाइपास पर मुरवारा रोड के पास भीषण हादसे का शिकार हो गई। पीछे से तेज रफ्तार थार ने ईको कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पलट गए।

हादसे में कार चालक नरेंद्र (29) पुत्र मुरली और नीतू (24) निवासी फागी, जयपुर की मौके पर ही मौत हो गई। 108 एंबुलेंस के पायलट तेजपाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और कार में फंसे घायल श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालकर आरबीएम अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना में सात श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिनमें जीतू, अशोक, रेखा, किसनी, सीता सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी का अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से की गई ओवरटेकिंग पाया गया है। पुलिस ने मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है। रविवार सुबह परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कर शव सौंपे जाएंगे। मृतकों के परिजनों में शोक की लहर है। परिजनों ने बताया कि वे वृंदावन दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# शिक्षा विभाग ने 620 स्कूल प्रिंसिपल के ट्रांसफर किये

**बीकानेर,** (निसं)। लंबे इंतजार के बाद शिक्षा विभाग ने राज्यभर के 620 प्रिंसिपल के ट्रांसफर कर दिए हैं। सख्ती दिखाते हुए शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों जारी पांच हजार प्रिंसिपल की ट्रांसफर लिस्ट में ज्यादा संशोधन नहीं किए हैं। 700 से ज्यादा प्रिंसिपल अपने तबादला आदेश में संशोधन का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अधिकांश को निराशा ही हाथ लगी है। कई बड़े शिक्षक नेताओं को भी इस लिस्ट में शहर से बाहर निकाल दिया गया है। वहीं गुहार लगा चुकी महिला प्रिंसिपल को भी गृह जिला नहीं मिल पाया है।

- **कई शिक्षक नेताओं को भी जिले से बाहर भेजा, संशोधन के इंतजार में बैठे अधिकांश निराश हुये**
- **शिक्षा विभाग ने ट्रांसफर लिस्ट करीब एक महीने पहले ही फाइनल कर दी थी**

रविवार सुबह जारी इस लिस्ट को जारी करने से पहले मुख्यमंत्री सचिवालय से स्वीकृति ली गई। शिक्षा मंत्री स्तर पर तैयार लिस्ट को पहले मुख्यमंत्री सचिवालय भेजा गया था, जहां करीब एक महीने तक ये लिस्ट अटकी रही। अब इसे स्वीकृति मिली है, लेकिन कई नाम हटा दिए गए हैं। प्रदेश के लगभग सभी जिलों से ट्रांसफर किए गए हैं। शिक्षा विभाग ने ट्रांसफर लिस्ट करीब एक महीने पहले ही फाइनल कर दी थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से एक टीम को जयपुर बुलाया गया था, जहां रिक्त पदों के आधार पर सूची तैयार की गई। इसके बाद एक प्रिंसिपल को हटाकर दूसरे को लगाने की कवायद की गई। ये लिस्ट करीब 700 प्रिंसिपल की थी, लेकिन स्वीकृत होते-होते इसमें प्रिंसिपल की संख्या घटकर 620 ही रह गए। शिक्षा निदेशालय से ही प्रिंसिपल स्तर के अधिकारियों को अन्य जिलों में भेज दिया गया है। इस ट्रांसफर लिस्ट का इंतजार उन प्रिंसिपल का था, जिन्हें दो महीने पहले जारी लिस्ट में जिले से बाहर अन्य जिले में लगाया गया था। कुछ प्रिंसिपल को तो फिर से गृह जिला मिल गया लेकिन अधिकांश के आदेश में संशोधन नहीं हुआ। यहां तक कि गुहार लगा चुकी महिला प्रिंसिपल को भी गृह जिला नहीं मिल पाया है।

# हनीट्रैप में फंसाकर रुपये मांगे, बाबरिया गैंग के छह सदस्य गिरफ्तार

**पाटन,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने हनीट्रैप के जरिए युवक को ब्लैकमेल कर दो लाख रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे बाबरिया गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह की तीन महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- **दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपये मांग रहे थे**



पुलिस ने हनीट्रैप मामले में बाबरिया गैंग का पर्दाफाश किया

मामला पाटन निवासी ई-मित्र संचालक अनुज कुमार सैनी की रिपोर्ट पर उजागर हुआ, जिसमें उसने खुद को झूठे दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी मिलने की बात कही थी। अनुज कुमार सैनी की रिपोर्ट के अनुसार एक महिला लगातार बातचीत कर उससे नज़दीकी बढ़ाने लगी और मुलाकात का दबाव बनाने लगी। युवक के मिलने पर महिला के साथ आए आरोपी उसे फर्जी दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़ित द्वारा पैसा देने से इंकार करने पर आरोपी लगातार दबाव और धमकियां देते रहे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पाटन थानाधिकारी रमेश मीणा ने नीमकाथाना, अजीतगढ़ और शाहपुरा में दबिश देकर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनमें अशोक पुत्र रमेशचन्द निवासी खिंवाला, खुशी देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी बामलड़ा जोहड़ा, ओमप्रकाश पुत्र सांवराम निवासी बामलड़ा, सुमेर पुत्र नाहरू निवासी घाटा, नारायणी पत्नी सुमेर सिंह निवासी घाटा और कौशल्या देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी बामलड़ा झोहड़ा शामिल हैं।

जांच में सामने आया कि गिरोह की महिलाएं पहले किसी युवक से दोस्ती कर संपर्क बढ़ाती है, फिर मुलाकात के बहाने उसे सुनियोजित जाल में फंसाकर अश्लील स्थिति पैदा की जाती, जिसके बाद गैंग के अन्य सदस्य आकर झूठे दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे वसूलते थे। पुलिस को आशंका है कि यह गैंग इलाके में लंबे समय से सक्रिय है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और इससे जुड़े पुराने मामलों की भी जांच कर रही है।

## 13 लाख की ठगी के मामले में दो गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। मेडिकल इमरजेंसी का बहाना बनाकर ज्वैलर्स से 13 लाख रुपए ठगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्रमसिंह (27) पुत्र मूलसिंह और किशोरसिंह (28) पुत्र मूलसिंह के रूप में हुई है। सदर थाना बाजार पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। ठगी में शामिल अन्य नेटवर्क की जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि राजस्थान ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि ठगों ने खुद को मुम्बई नाकोडा बुलियन एंड ज्वैलर्स का मालिक बताया और कहा कि घर में अर्जेंट मेडिकल प्रॉब्लम है, जिसके लिए तत्काल रुपए चाहिए। झांसे में आकर ज्वैलर ने अपने स्टाफ के जरिए दिल्ली में बैठे व्यापारी को 13 लाख रुपए दिलवा दिए। बाद में पता चला कि कॉल फर्जी था और वास्तविक ज्वैलर्स ने ऐसा कोई फोन नहीं किया। इसके बाद उन्होंने 24 अक्टूबर 2024 को सदर बाजार थाने में मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नम्बर और ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाई जा रही है।

# सरकारी और निजी स्कूलों में राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक दिखेगी

## प्रदेश में सरकारी व निजी स्कूल के विद्यार्थी और स्टाफ सप्ताह में एक दिन राजस्थानी वेशभूषा में आएंगे

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में सप्ताह में एक दिन राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक दिखाई देगी। तय दिन बच्चे, शिक्षक और पूरा स्टाफ राजस्थानी वेशभूषा पहनकर आएंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी है। मंत्री के आदेश के पीछे मंशा जताई जा रही है कि इससे बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ना और राज्य की परंपराओं को स्कूल तक ले जाने में मदद मिलेगी। शिक्षक व छात्र धोती-कुर्ता और साफा, शिक्षिकाएं और छात्राएं लहंगा-चुनरी में दिखेंगी।

- **शिक्षक व छात्र धोती-कुर्ता और साफा, शिक्षिकाएं और छात्राएं लहंगा-चुनरी में दिखेंगी**
- **शिक्षा मंत्री ने एक और महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की, राजस्थान में शैक्षिक सत्र एक जुलाई के बजाय एक अप्रैल से शुरू होगा**

भारत सरकार के प्रस्ताव से सहमति जताते हुए, शिक्षा विभाग ने सप्ताह में एक दिन इस नवाचार के लिए कहा है। सीडीईओ गिरजेश कांत शर्मा का कहना है कि बच्चों को संस्कृति का ज्ञान होना अच्छी बात है। सरकार से इस संबंध में अभी लिखित आदेश नहीं मिले हैं, लेकिन जैसे ही आदेश मिलेंगे पालना अक्षरत लागू करवा दी जाएगी। केंद्र ने पत्र में यह भी सुझाव दिया है कि राज्य सरकार को भारत की वस्त्र विरासत के साथ गहरा संबंध विकसित करना चाहिए। संस्कृति के हिस्से के रूप में सप्ताह में एक बार स्कूल यूनिफॉर्म और विवि ड्रेस में हथकरघा वस्त्र को शामिल करना चाहिए।

शिक्षा मंत्री कार्यालय के अनुसार केंद्रीय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने विद्यालयों में सांस्कृतिक जागरूकता की पहल के मद्देनजर राज्य सरकार को पत्र भेजा था। उसमें प्रदेश के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए स्थानीय वेशभूषा (गहने/आभूषण छोड़कर) पहनकर आने के लिए प्रेरित को लिखा था। विभाग का मानना है कि ऐसा करना राज्य की सांस्कृतिक जागरूकता, लोक संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

सरकारी और निजी स्कूलों में समान ड्रेस कोड लागू होगा राजस्थान के शिक्षा विभाग ने इससे पहले सरकारी और निजी स्कूलों में एक-समान यूनिफॉर्म लागू करने का बड़ा फैसला लिया था जिसके अनुसार सभी स्कूलों में विद्यार्थियों की ड्रेस एक जैसी होगी, जिसमें टाई शामिल नहीं होगी। इसके साथ ही, शिक्षकों के लिए भी यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड अनिवार्य करने की योजना बताई गई।

**शैक्षिक सत्र में बदलाव, 1 अप्रैल से शुरुआत :-**शिक्षा मंत्री ने एक और महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की। राजस्थान में शैक्षिक सत्र 1 जुलाई के बजाय 1 अप्रैल से शुरू होगा। इस बदलाव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। साथ ही, गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।

**सुबह-शाम बजेगा राष्ट्रीय गान और गीत :-**मदन दिलावर ने अपने तीनों विभागों - पंचायती राज, शिक्षा और संस्कृत विभाग के लिए एक अनोखा नियम लागू करने की बात कही थी। इन विभागों के कार्यालयों की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ होगी और समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया जाएगा। इसके अलावा, कर्मचारियों की हाजिरी तभी दर्ज होगी, जब वे राष्ट्रीय गान और गीत के दौरान उपस्थित होंगे।

## मकान से नकदी चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के नाई थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़कर नकदी चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सोनू पत्नी प्रकाश तेली निवासी लेलियों का मोहल्ला बुझड़ा ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि 21 नवंबर रात में मुझड़ा में स्थित मकान का चोर ताला तोड़कर नकदी चुरा ले गए। इसका पता चलने पर चोरी गई नकदी की जानकारी बाद में देने की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार, पांच बाइक जब्त

**जोधपुर,** (कासं)। कुड़ी भगतासनी थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से चोरी की पाँच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में महेन्द्र विश्नोई एवं दिनेश विश्नोई शामिल हैं। पूछताछ में शहर से कई मोटरसाइकिलें चोरी करने की बात स्वीकार की है।

- **चोरी की गई बाइक को ग्रामीण इलाकों में सस्ते दामों पर बेच देते थे**


जानकारी के अनुसार 3 नवंबर को प्रार्थी धन्नाराम शर्मा निवासी पीपलिया खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह झालामंड चौराहा स्थित माखन भोग स्वीट्स पर नाश्ता लेने गया था, जहां से उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात चोर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने एवं त्वरित खुलासा करने के लिए थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच, वाहन चोरी से जुड़े संदिग्ध अपराधियों से पूछताछ की। शक के आधार पर आरोपियों की पहचान की और उन्हें दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी शहर से भीड़भाड़ वाले इलाकों में खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। चोरी की गई बाइक को अपने गांव ले जाकर बाद में ग्रामीण इलाकों में सस्ते दामों पर बेच देते थे।

# दो सौ बीघा के चारागाह में आग लगी

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। भुसावर उपखंड के खेड़ली मोड़ थाना इलाके में बाण गंगा नदी के पेटे में चारागाह के अंदर उगे पाला पूला में अज्ञात कारणों आग लग गई।

छात्र नेता कौशल फौजदार ने बताया कि रविवार को दोपहर बाद खेड़ली मोड़ थाना इलाके के गांव खान पुर वाछरेन हिंगोटा के आस पास बाण गंगा नदी के करीबन दो सौ बीघा इलाके में उगे पाला पूला तथा पेड़ों में अज्ञात कारण से आग जनी की सूचना मिली। आगजनी की सूचना पर तुरन्त खेड़ली मोड़ थाना अधिकारी राजेश कुमार कसाना मय पुलिस एवं उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा तहसीलदार अभयराज सिंह ने जिले के उच्चाधिकारियों सहित आईअे सी के अधिकारियों को दी।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि आगजनी की सूचना पर अलवर के खेड़ली, नदबई, उच्चैन, भुसावर, वैर तथा जिला मुख्यालय सहित सात से अग्निशमन के वाहन आगजनी वाले सांकेतिक स्थानों पर गए तथा बाण गंगा नदी के पेटे के दौ सौ बीघा चारागाह में लगी आग पर अग्निशमन कर्मियों के अलावा भुसावर सीओ वीरेंद्र शर्मा, खेड़ली मोड़ थानाधिकारी राजेश कुमार कसाना मय एएसआई महेश कुमार, हेड पुलिस कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, शिव सिंह पुलिस कांस्टेबल बबलू, गोपाल, खेमराज, पप्पा सिंह के अलावा आकाश सोलंकी, गोलू खानपुर, सौरभ कटारिया आदि ने आग पर पांच घंटे में काबू पाया।



आग पर पुलिस एवं ग्रामीण जनों ने पांच घंटे में काबू पाया।

# नेत्रा मंटेना व वामसी गडिराजू की उदयपुर के जगमंदिर में हुई शादी



उदयपुर में यूएस बिलेनियर रामा राजू मंटेना की बेटी नेत्रा मंटेना व वामसी गडिराजू वैवाहिक सूत्र में बंधे।



शादी में शामिल होने आए अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे जूनियर ट्रम्प जोधपुरी सूट में दिखाई दिए।

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में यूएस बिलेनियर रामा राजू मंटेना की बेटी नेत्रा मंटेना व वामसी गडिराजू की रविवार को जग मंदिर में शादी हुई। शादी की रस्में सुबह शुरू हो गई और दोपहर बाद वैवाहिक रस्में पूरी करने के बाद दुल्हा-दुल्हन ने एक-दूसरे को माला पहनाई। इधर, इस शाही शादी ने एक बार फिर उदयपुर को सुर्खियों में ला दिया है। रॉयल वेडिंग में हॉलीवुड, बॉलीवुड जगत के सितारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। शादी समारोह में शरीक होने आए अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे जूनियर ट्रम्प शादी समारोह में जोधपुरी सूट में दिखाई दिए।

- **यूएस बिलेनियर राजू मंटेना की बेटी की शादी से विश्व पटल पर छाया उदयपुर**
- **जोधपुरी सूट पहने दिखाई दिए अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे जूनियर ट्रम्प**

यूएस बिलेनियर राजू मंटेना की इस शाही शादी में प्रस्तुतियों को लेकर रविवार को भी मेहमानों का आना लगा रहा। रविवार शाम साउथअफ्रीका के मशहूर डीजे नकोसिनाथी इनोसेंट मापुमुलो जिनका स्टेज नाम 'ब्लैक कॉफी' है वे भी उदयपुर पहुंच गए। इस रॉयल वेडिंग में आज सबसे महंगा इवेंट होने वाला है जिसमें ग्लोबल म्यूजिक आइकन जेनिफर लोपेज अपनी प्रस्तुति देगी। वे शुक्रवार देर रात उदयपुर पहुंच गई थी और शनिवार को उन्होंने रिहर्सल भी की इसके बाद आज वे शादी समारोह में शरीक हुई और भारतीय संस्कृति से रूबरू होते हुए साड़ी पहने नजर आई। पीछोला झील के बीच स्थित जग मंदिर में रविवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वैवाहिक रस्में शुरू हुई जो दोपहर तक चली। विशेष रूप से इस शाही शादी में शामिल ट्रम्प जूनियर क्रीम कलर के जोधपुरी सूट में दिखाई दिए।

इससे पहले शनिवार रात को मेहंदी नाईट में कैनेडियन डांसर व बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने लोगों को थिरकाया वहीं माधुरी दीक्षित ने बॉलीवुड गीतों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। इसके साथ ही दुनिया का सबसे बड़ा सर्कस कहे जाने वाले 'सर्क डू सोलेइल' के कलाकारों ने कई हैरतअंगेज कलाबाजियां मेहमानों के सामने पेश की। 'बलून लेडी' की प्रस्तुति ने तो मेहमानों को आश्चर्यचकित कर दिया। इसमें एक लेडी आसमान में 300-400 बलून पर करीब 50 मीटर ऊपर तक कपड़ों के जॉइंट के सहारे से कला दिखाती है। वैवाहिक रस्में आज पूरी होने के बाद सिटी पैलेस के जनाना महल में मेहमानों के लिए डीनर होगा और माणक चौक में आफ्टर पार्टी में जेएलओ 'जेनिफर लोपेज' की प्रस्तुति होगी। इसके बाद सोमवार को मेहमान लौटना शुरू हो जाएंगे।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**पावटा,** (निसं)। लाडाकाबास राष्ट्रीय राजमार्ग-48 सर्विस लाइन की सड़क पर एक कंटेनर ने ऊंट गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई व एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल कोटपुतली में भर्ती कराया गया है। वहीं, चालक कंटेनर को मौके पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रागपुरा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

- **लाडाकाबास सर्विस लाइन पर कंटेनर ने ऊंट गाड़ी को टक्कर मारी**



पुलिस कार्मिकों की लापरवाही पर ग्रामीणों ने धरना दिया।

मृतक के पुत्र पूरणमल गुर्जर ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे के करीब मेरे पिताजी सुल्तान पुत्र नारायण निवासी सीतापुरा व जगदीश पुत्र रामनिवास निवासी निमली ऊंटगाड़ी से पावटा से सर्विस लाइन रोड से अपनी साइड से अपने गांव लाडाकाबास आ रहे थे तभी एक कंटेनर रोंग साइड से लापरवाही पूर्वक तीव्रगति से आया व अनियंत्रित होकर ऊंटगाड़ी को टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे में ऊंटगाड़ी सवार मेरे पिताजी सुल्तान पुत्र नारायण निवासी सीतापुरा की मौत हो गई व जगदीश पुत्र रामनिवास निवासी निमली गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पावटा उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल कोटपुतली रेफर किया गया। वही इस हादसे को लेकर मौके पर ग्रमीण एकत्रित हो गए व शव को रख आक्रोश जताते हुए धरना प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर भी पुलिस एक घंटे बाद पहुंची व हादसे के समय राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर दूसरी तरफ मौके पर इंटरसेप्टर में मौजूद पुलिसकर्मी वाहनों का चालान काटने में लगे हुए थे व हादसे होने के दौरान वहां से चले गए। ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कोटपुतली को मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की। वहीं एम्बुलेंस कर्मी द्वारा शव को ले जाने के लिए मना करने पर एम्बुलेंस कर्मियों पर भी कार्यवाही की मांग की, कि सर्विस लाइन पर वाहन खड़े न होने दें, ताकि हादसों को रोका जा सके। मदन यादव ने बताया कि दूरभाष के जरिए पुलिस अधीक्षक कोटपुतली द्वारा पुलिसकर्मियों व एम्बुलेंस कर्मियों पर कार्यवाही के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान मदन यादव, रोशन सैनी, ओमप्रकाश, बलदेव, मुखराम, प्रकाश, मुकेश, भागीरथ, बाबूलाल, रामकुँवार, जगदीश, कालूराम, लाला, महेश, रामसिंह, गोकुल, रामकुमार, हंसराज सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी उसके पुत्र व परिजनों के खिलाफ पति को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया।

- **मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता शिवानी पत्नी पुष्पेन्द्रसिंह चौहान निवासी आई ब्लॉक गोवर्धन विलास ने आरोपी भगवानदास चावला, अमित पुत्र भगवानदास, अलका पत्नी भगवानदास, सोनम पत्नी अमित निवासी खारीवाल जावरा एमपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि मेरे पति के साथ आरोपियों से हिस्सेदारी में काम शुरू कर ब्रांण्ड बास्केट व दी एटदीरेट नाम से कपड़ों की दुकानें खोली, जिसमें दोनों ने हिस्से के अनुसार निवेश किया। कुछ समय बाद लाभ नहीं होने पर आरोपियों ने रूपये वसूली करने के लिए पति को परेशान करना शुरू कर दिया। इसके चले मेरे पति पुष्पेन्द्र ने 15 जुलाई को विशाक्त वस्तु सेवन कर ली जिसके चलते दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। आरोपियों द्वारा परेशान करने से पति ने आत्महत्या की। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे के वार्ड नंबर 26 के पूसाराम पुत्र बुधाराम मेघवाल जो अपने खेत भावनदेसर रोड पर ढाणी में झोपड़ों में रहता था साथ ही ढाणी में अपना रोजगार के लिए दुकान भी कर रखी थी।

शुक्रवार दोपहर बाद वह अपने भाई की ढाणी में गया हुआ था पीछे से आग लगने के कारण झोपड़ा पूरी तरह से जलकर राख हो गए दो झोपड़ी के अंदर कुछ दिन पहले उनका भाई का स्वर्गवास होने के बाद भाई के बेटे का दहेज झोपड़ी के अंदर रखा हुआ था

- **भावनदेसर रोड पर पूसाराम मेघवाल की ढाणी में आग लगी**



राजलदेसर कस्बे आग लगने से झोपड़ा पूरी तरह से जलकर राख हो गए।

साथ ही खाने पीने का सामान कपड़े, चारपाई दुकान का राशन का सामान आदि पूरी तरह से जलकर राख हो गए जैसे ही आसपास के लोगों ने आग लगती देखी तो पानी से बुझाने की कोशिश की इससे पहले ही पूरी तरह से झोपडी जलकर राख हो चुकी थी साथ ही इनके पास के ही मकान की भी एक झोपडी भी जलकर राख हो गई।

वार्ड पार्षद मिर्जा राम मेघवाल ने बताया पूसाराम की हालत बहुत खराब है कमाने के लिए किसी तरह का साधन नहीं है जैसे तैसे अपना जीवन यापन करता था लेकिन आग लगने के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ है उन्होंने सरकार एवं दानदाताओं से अपील की है की गरीब की मदद के लिए जितनी सहायता हो सके अवश्य करें साथ ही घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की दमकल भी पहुंची लेकिन रास्ता कच्चा होने के कारण मौके पर नहीं पहुंच सकी इसके अलावा मौके पर पटवारी ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया।

## सेमिनार आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। पालड़ीवाला आईटीआई इंस्टीट्यूट में शनिवार को रिलायंस जियो और पालडीवाला एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक विशेष जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में जियो के फतेहपुर ब्रांच मैनेजर नितिन भार्गव एवं पालडीवाला संस्थान के प्राचार्य राकेश मालवीय ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व, भविष्य में इसके उपयोग और करियर अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों, विशेषकर एआई को सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रिलायंस जियो द्वारा छात्रों के लिए विशेष एआई यूथ आफर की घोषणा भी की गई, इंस्टिट्यूट के सभी विद्यार्थियों को गुगल जेमिनी एआई प्रो प्लान का 18 महीने का पूर्ण एक्सेस प्रदान किया गया। इस ऑफर का बाजार मूल्य 35,100 रुपए है, जिसे जियो द्वारा 18-25 आयु वर्ग के युवाओं के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में जियो कंपनी की ओर से जेसीएम नितिन भार्गव, एमएल राजाराम चौधरी, पालडीवाला इंस्टिट्यूट के प्रिंसिपल राकेश मालवीय उपस्थित रहे।

# उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान शुरू

- **पहले दिन रविवार को बूथ पर नौनिहालों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की**
- **स्वास्थ्य कर्मी आज और कल घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगे**

**सीकर** (निसं)। चिकित्सा विभाग के तीन दिन तक चलने वाले उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान रविवार से शुरू हुआ। पहले दिन जिलेभर में बनाए गए बूथों पर जन्म से पांच साल तक के बच्चों को स्वास्थ्य कर्मियों ने ओरल पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई। 24 व 25 नवम्बर को बूथ पर किसी कारण से नहीं आ पाए वंचित बच्चों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

अभियान का रविवार को जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रशासनिक व चिकित्सा अधिकारियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारंभ किया।

जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजस्थान रोडवेज के बस डिपो में बनाए गए बूथ पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनलाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने बस डिपों में आने वाले बच्चों तथा बसों में सवार जन्म से पांच तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अभियान के तहत लगाए गए जोनल अधिकारियों व ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारियों व सुपरवाइजर्स ने पोलियो बूथों पर जाकर निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि जिले की अनुमानित जनसंख्या 31 लाख 63 हजार 526 के अनुसार चिकित्सा विभाग की ओर से अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के तीन लाख 20 हजार बच्चों को पोलियो खुराक पिलाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले में दो सदस्य वाले 3 हजार 223 बूथ बनाए गए।

साथ ही 45 ट्रांजिट टीमें, 15 मोबाइल टीमें, 100 वैक्सीन डिपों, 328 सुपरवाइजर, 187 सैक्टर अधिकारी, 13 जोनल अधिकारी नियुक्त किए। सोमवार से शुरू होने वाले घर घर भ्रमण के लिए 3 हजार 223 टीमें बनाई गई हैं।

## सार-समाचार

### आयुर्वेद वरिष्ठ कंपाउंडर पदोन्नति सूची जारी करने की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। आयुर्वेद विभाग में वरिष्ठ कंपाउंड पदोन्नित सूची जारी करने की मांग तेजी से उठने लगी है। गत दिनों आरपीएससी की ओर से सदस्य डॉ. संगीता आर्य की अध्यक्षता में हुई डीपीसी बैठक के बाद नर्सिंग अधीक्षक और सहायक नर्सिंग अधीक्षक की पदोन्नित सूची जारी कर दी थी। लेकिन वरिष्ठ कंपाउंडर पदोन्नित सूची अभी तक जारी नहीं की गई है। राजस्थान आयुष नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक धर्मेंद्र फोगाट ने कहा कि विभाग अतिशीघ्र वरिष्ठ कंपाउंडर पदोन्नित सूची जारी करें। उन्होंने बताया कि यदि विभाग जल्द से जल्द वरिष्ठता पदोन्नित सूची जारी करता है तो रोजगार के अवसर खुल सकेंगे। समिति के प्रदेश संयोजक धर्मेंद्र फोगाट ने बताया कि प्रदेश में काफी संख्या में बेरोजगार आयुष नर्सेज हैं। जो लगाकर नई भर्ती के लिए प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने की योजना के तहत राजस्थान सरकार आयुष नर्स कंपाउंडर जूनियर ग्रेड की नई भर्ती का जल्द से जल्द विज्ञापन जारी करें।

### पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ अभियान की प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा मीणा, सीनियर लैब टेक्नीशियन कैलाश राजपुरोहित, महिला नर्सिंग कर्मचारी निशा, अनीता मीणा, चैन रूप भाटिया, राजेंद्र, रामकुमार के द्वारा राजकीय चिकित्सालय में 5 घंटे पहले जन्म लेने वाले नवजात शिशु को दवाई पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया इस अवसर पर अभियान के प्रभारी कैलाश राजपुरोहित ने बताया 20 बूथ पर 100 वालंटियर के द्वारा दवाई पिलाई गई जिसमें प्रथम दिन 75 बच्चों को दवाई पिलाई गई जिसमें 5855 बच्चों को दवाई पिलाई गई अभियान प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा मीणा ने बताया कल एवं परसों घर-घर व ढाणी के अंदर जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को दवाई पिलाई जाएगी

### जरूरतमंद को दो व्हीलचेयर प्रदान की

**रतनगढ़** (निसं)। लायन्स क्लब रतनगढ़ प्रेरणा को समाज सेवा के लिए एक और महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। क्लब को आज दो व्हीलचेयर भेंट की गईं, जो क्लब के सेवा कार्यों को और गति प्रदान करेंगी। इनमें से एक व्हीलचेयर लायन जितेन्द्र बूबना द्वारा और एक अन्य साथी सदस्य द्वारा प्रदान की गई।क्लब ने तुरंत इन व्हीलचेयरों का सदुपयोग करते हुए प्राप्त व्हीलचेयर में से एक व्हीलचेयर तुरंत एक जरूरतमंद लड़की को प्रदान की गई, जिससे उसके जीवन में सुविधा और गतिशीलता आ सके।एक अन्य व्हीलचेयर को भविष्य के सेवा कार्यों के लिए क्लब को में सुरक्षित रखा गया है। इस अवसर पर ओमप्रकाश चौहान, जितेन्द्र बूबना, सुनील चोटिया, संदीप कन्दोई, साबिरअली नजमी, रितेश लुंडिया, हिमांशु जालान, जयाकांत बिवांल, वीरेन्द्र बुनकर सहित अन्य क्लब सदस्य मौजूद रहे।

### पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कस्बे के उप जिला अस्पताल में नौनिहाल को दवा पिलाकर राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान की शुरुआत की एवं अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों को दवा पीलाते हुए जांगिड़ ने कहा कि आइये देश दुनिया से इस घातक बीमारी को जड़ से मिटाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में हम अपना अमूल्य योगदान दें। जांगिड ने सभी से अपील करते हुए कहा कि प्लस पोलियो अभियान के तहत आपके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपने 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएं। इस मोके पर बीसीएमओ डॉ.गोपीराम मेघवाल, पीएमओ डॉ. देवीलाल जोशी, बनवारी लाल, अरविन्द जांगिड़, कुलदीप, पवन, दिलदार सिंह सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

### अनुसुईया सिंह संयुक्त निदेशक बनी

**झुंझुनूं,** (निसं)। बीकानेर में प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में उप निदेशक के पद पर कार्यरत हाल चिड़ावा निवासी अनुसुईया सिंह ने पदोन्नत होकर संयुक्त निदेशक (कार्मिक) के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने उन्हें निदेशालय में कार्मिक विभाग का दायित्व सौंपा है। सीकर के खंडेला में वरिष्ठ अध्यापक अंग्रेजी के पद पर उनकी प्रथम नियुक्ति हुई थी। वे द्वितीय श्रेणी अध्यापक से संयुक्त निदेशक के पद पर पहुंची है। झुंझुनूं सीडीईओ और चूरू में कार्यवाहक उप निदेशक के पद पर भी उनका कार्यकाल सराहनीय रहा है। इस अवसर पर अखिल राजस्थान एससी एसटी ओबीसी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष पवन आलड़िया, हनुमानसिंह दानोचिया, ग्यारसीलाल जिनोलिया, संदीप सैनी, संगीता आलड़िया, विद्याधर जिंदल, रजत चौधरी, राकेश डिग्रवाल, कृष्ण आलड़िया समेत विभिन्न संगठनों ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।

### अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन

**सीकर** (निसं)। पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में कक्षावार टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रिंसिपल विकास केडिया, सीमा राजपुरोहित, कोर्डिनेटर्स व शिक्षकों ने 159 मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर एकेडमिक्स के लिए कंसिस्टेंसी के साथ रेगुलर सेल्फ स्टडी व डिसिप्लिन होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रिंस स्कूल के समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता सुनील सहारण ने किया।

### अधिकारियों ने अभियान की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया

**सीकर** (निसं)। उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के पहले रविवार को स्वास्थ्य विभाग के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने गांव, ढाणी व कस्बों में बनाए गए बूथ पर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किए गए कार्य का जायजा लिया। इसी क्रम में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र जगमालपुरा, भादवासी, सबलपुरा, ढाका की ढाणी, नानी, बलरामपुरा, नाथावतपुरा, चंदपुरा गांव में बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया।

## नोखा के राजकीय कॉलेज में एनसीसी दिवस मनाया

**नोखा,** (निसं)। यहां मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय नोखा के प्राचार्य कैप्टन डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम 7 राज बटालियन के अंतर्गत संचालित यूनिट द्वारा संपन्न हुए।

आयोजित गतिविधियों की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन से हुई। इसके बाद 'यूनिटी रन' का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से समाज में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'अनेकता में एकता' का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रमों के अंत में, रक्तदान के महत्व पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छात्रों को स्वेच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना था।

# कंज्यूमर्स वॉइस न्यायोत्सव का शुभारंभ कार्यक्रम आज

- **महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर होगा आयोजन, उपभोक्ता जागरूकता शपथ का होगा शुभारंभ**
- **क्यूआर कोड को स्कैन कर भी ली जा सकती है शपथ, ई-मेल पर आएगा शपथ प्रमाण पत्र**

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा आयोजित 30 दिवसीय कंज्यूमर्स वॉइस न्यायोत्सव के तहत सोमवार से जागरूकता कार्यक्रमों की शृंखला की शुरुआत होगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर किया जाएगा। जिसमें बार एसोसिएशन भी सहयोग प्रदान करेगा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने आमजन से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है।

इस अवसर पर ऑनलाइन उपभोक्ता जागरूकता शपथ अभियान भी लॉन्च किया जाएगा। जिसके माध्यम से एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं को ऑनलाइन शपथ दिलाई जाएगी। शपथ लेने के बाद प्रमाण-पत्र भी ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा।

शपथ के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर शपथ प्रमाण पत्र ई मेल पर प्राप्त किया जा सकता है। उपभोक्ता अध्यक्ष मील ने बताया कि यह अभियान हर खरीद पर बिल लेने, खरीदी गई सामग्री के मानकों की जांच करने और किसी भी सेवादोष या अनुचित व्यापार व्यवहार की स्थिति में आयोग से न्याय पाने जैसी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से टैक्स चोरी पर रोक लगाने में भी मदद मिलेगी। जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग, अधिवक्तागण एवं विद्यार्थी भी इस 30 दिवसीय कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम अवधि में रंगोली प्रतियोगिता, संगोष्ठी व सम्मान समारोह जैसे आयोजन भी किए जाएंगे। मील ने युवाओं और आम उपभोक्ताओं से सोमवार सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल होने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता के इस महाअभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

# झुंझुनूं में बनीं नई ग्राम पंचायतें, ग्रामीणों ने विधायक राजेंद्र भांबू का आभार जताया

- **नई ग्राम पंचायतों के गठन से ग्रामीणों में खुशी की लहर**

**झुंझुनूं,** (निसं)। पंचायती राज विभाग द्वारा हाल ही में घोषित नई ग्राम पंचायतों के गठन से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है।

रविवार को झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने झुंझुनूं विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक राजेंद्र भांबू को बधाई दी तथा उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र की जनसुविधाओं, प्रशासनिक सुगमता और विकास कार्यों की दृष्टि से नई पंचायतों की मांग की जा रही थी, जिसे विधायक राजेंद्र भांबू द्वारा गंभीरता से लेते हुए सरकार तक प्रस्ताव भेजे गए। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक के प्रयासों की सराहना की।

विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि नई पंचायतों के गठन से ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण में तेजी आएगी और विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्ताव सरकार से मंजूर करवाए गए हैं। गौरतलब है कि झुंझुनूं पंचायत समिति क्षेत्र में मालसर, पकौडी की ढाणी, दोरादास, कालीपहाडी, कायस्थपुरा, खतेहपुरा, कुलोद खुर्द, चिंचड़ौली और शिशियां नई ग्राम पंचायतें बनी हैं। वहीं पंचायत समिति चिडावा में झांझोत और श्री अमरपुरा को नई ग्राम पंचायत का दर्जा मिला है।

# मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। मोहिनी देवी गोयनका महिला पीजी महाविद्यालय में नवागंतुक नव प्रवेशार्थियों का सीनियर्स ने किया गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में सीनियर ने दी जूनियर्स को फ्रेशर पार्टी नव प्रवेशित छात्राओं के लिए सीनियर्स ने दी।

रंगारंग प्रस्तुतियां तथा म्यूजिकल चेयर गेम्स रैंप वॉक इत्यादि गेम्स करवाए। शुभारंभ मां शारदा एवं मोहिनी देवी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जीएस अकैडमी के निर्देशक पवन जांगिड, ऋषिकुल बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ रेखा शर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज मलसीसर की असिस्टेंट प्रोफेसर पूनम तथा गोयनका शिक्षा एवं शोध संस्थान के निर्देशक डॉ.एन. रविंद्रा, वित्तीय प्रबंधक नारायण सारस्वत, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश बुडानिया ने कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. एन. रविंद्रा ने छात्राओं को अपने प्रेरणास्पद वक्तव्य से प्रेरित किया। पवन जांगिड ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

डॉ. रेखा शर्मा ने छात्राओं के कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरित किया। महाविद्यालय में आयोजित टैलेंट सर्च कंपटीशन में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाली छात्रों को 5000, 3000, 1000 रूपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर जीएस अकैडमी की कोमल द्वितीय स्थान पर मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय की श्वेता रही तृतीय स्थान महाविद्यालय की रिनिका ने प्राप्त किया।

## पोलियो अभियान का शुभारंभ

**नापासर,** (निसं)। राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नापासर के उप जिला अस्पताल से पोलियो टीकाकरण अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर उन्हें इस बीमारी से बचाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन नापासर अस्पताल के डॉ. नंदकिशोर मेघवाल ने किया। उन्होंने एएनएम भगवती और एएनएम सुशीला के साथ मिलकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और टीकाकरण के महत्व पर जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. नंदकिशोर ने कहा कि देश को पोलियो-मुक्त बनाए रखने के लिए हर बच्चे तक दवा पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नापासर और आसपास के क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण बूथों पर लाएं और स्वास्थ्य टीम का सहयोग करें।

# राजलदेसर को पंचायत समिति नहीं बनाए जाने पर इलाके की जनता में मायूसी छाई

- **पंचायत समिति बनाने को लेकर तहसील कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री तक अवगत करवाया**

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे के अंदर पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर भाजपा के युवा नेता एवं कामरेड नेता, कांग्रेस नेता आदि के द्वारा पंचायत समिति बनाने को लेकर तहसील कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री तक अवगत करवाया लेकिन शनिवार देर रात जारी सूची में राजलदेसर का नाम नहीं आने के कारण राजलदेसर कस्बे की जनता के साथ धोखा हुआ है।

राजलदेसर तहसील के अंदर में 18 पंचायत आती है लेकिन राजलदेसर कस्बे को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया वही चूरू जिला के अंदर पांच पंचायत समिति बनी है उनमें चूरु उत्तर, सरदारशहर पूर्व, भालेरी, चाँदगोठी, भानीपुरा यह सब राजलदेसर अगर पंचायत समिति बनती तो सब राजलदेसर से छोटी पंचायत है यह लेकिन घटिया राजनीति के चलते राजलदेसर पंचायत समिति नहीं बन सकी वर्तमान में राजलदेसर में पंचायत समिति बनने के लिए हर नॉर्म्स पूरे किए जा रहे हैं जिसमें तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, सरकारी महाविद्यालय, नगर पालिका, विद्युत विभाग जलदाय विभाग कार्यालय आदि सरकारी कार्यालय पहले से मौजूद है।

यहां पर उसके बावजूद भी राजलदेसर को पंचायत समिति से वंचित रखा गया पंचायत समिति को लेकर सरपंच दातार सिंह राठौड़ की टीम के द्वारा जिला कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री तक ज्ञापन दिया गया वही किसान नेता भादरमल भांबू की टीम के द्वारा 17 दिन राजलदेसर तहसील कार्यालय के आगे धरना भी दिया गया।

अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया इसके अलावा राजलदेसर के आसपास के पंचायत के सरपंच राजलदेसर कस्बे की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घीटाला ने भी राजलदेसर पंचायत समिति बनाने को लेकर जिला कलेक्टर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई एवं राजलदेसर सबसे बड़ी पंचायत समिति बननी थी लेकिन चुरू जिले के छोटे-छोटे ग्रामीण पंचायत समिति बन गए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है।

# सभी नेताओं की सहमति से मंडावा विधायक रीटा चौधरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनीं

**झुंझुनूं,** (निसं)। कांग्रेस ने शनिवार को राजस्थान के 45 कांग्रेस जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। संगठन सृजन अभियान के तहत लिए गए आवेदनों और इसके बाद आए फीडबैक के आधार पर कांग्रेस जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई है।

झुंझुनूं जिलाध्यक्ष पद पर मंडावा विधायक रीटा चौधरी को मनोनीत किया गया है। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। दरअसल मंडावा विधायक रीटा को लेकर जिले के सभी प्रमुख नेता भी सहमत थे। वैसे तो सांसद बृजेंद्र ओला पूर्व जिला प्रमुख सुमन रायला को जिलाध्यक्ष बनाने के इच्छुक थे। लेकिन सांसद ओला और नवलगढ़ से पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा सबसे ज्यादा इस बात पर भी जोर दे रहे थे कि दिनेश सुंडा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद से कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद से हटाया जाए।

- **जिलाध्यक्ष बनने के बाद रीटा बोली हर कार्यकर्ता के मान-सम्मान को रखेंगे सर्वोपरी**





झुंझुनूं जिलाध्यक्ष पद पर मंडावा विधायक रीटा चौधरी को मनोनीत किया गया।

इसके बाद जो सहमति बन रही थी वो नाम सिर्फ मंडावा विधायक रीटा चौधरी का ही था। आखिरकार आलाकमान ने रीटा चौधरी के नाम पर फाइनल मोहर लगा दी। इधर, जिलाध्यक्ष बनने के बाद रीटा चौधरी रविवार सुबह झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर सिथत विद्यार्थी भवन पहुंची। जहां पर उन्होंने अपने पिता और पीसीसी के पूर्व चीफ पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामनारायण चौधरी के स्मृति स्थल पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और अपने दिवंगत पिता का आशीर्वाद लिया। पत्रकारों से बात करते हुए विधायक रीटा चौधरी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है। उसके लिए वे शीर्ष नेतृत्व का आभार जताती है और यही कोशिश करती है कि वे सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे।

उन्होंने कहा कि झुंझुनूं की कांग्रेस पूर्व से ही एकजुट है। लेकिन हम सब मिलकर हर क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत और अधिक मजबूत करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करके आगे लाएंगे। कांग्रेस को लेकर जो उत्साह है।

वो घरों से बाहर लाकर कांग्रेस के पक्ष में जिले में और अच्छा माहौल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि ये उनके लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। पहले चौधरी साहब पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा किया था। चौधरी साहब को पीसीसी चीफ तक की जिम्मेदारी दी थी। अब उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

**सुंडा के कार्यकाल की प्रशंसा की:-** उन्होंने दिनेश सुंडा के जिलाध्यक्ष कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुंडा के कार्यकाल में कांग्रेस ने जिले में कई उपलब्धियां हासिल की है। साथ ही हर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने में भी सुंडा के नेतृत्व में स भी कार्यकर्ताओं ने काम किया है।

आपको यहां यह भी बता दें कि अब झुंझुनूं जिले में भाजपा और कांग्रेस, दोनों का नेतृत्व मंडावा विधानसभा की महिला नेताओं के जिम्मे हो गया है। क्योंकि भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि भी मंडावा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार के परिवार से आती है। तो रीटा चौधरी मंडावा से विधायक है। दोनों ही महिला नेता है और मंडावा विधानसभा में राजनैतिक प्रतिद्वंद्वी भी है।

# टोडी गुढ़ा नाम से नई पंचायत समिति का गठन

- **उदयपुरवाटी से अलग होकर 33 ग्राम पंचायतें हुई शामिल, ग्रामीणो में उत्साह का माहौल**

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। उदयपुरवाटी पंचायत समिति से ग्राम पंचायतों को अलग करते हुए टोडी गुढ़ा नाम से नई पंचायत समिति का गठन किया गया है।

क्षेत्र में लंबे समय से नई समिति की मांग की जा रही थी। जिसके पूरा होने पर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

अब आमजन को अपने दैनिक कार्यों और सरकारी सेवाओं के लिए उदयपुरवाटी तक नहीं जाना पड़ेगा। नई पंचायत समिति होने से अब स्थानीय स्तर पर ही सभी सरकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी। प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। विकास कार्यों की मॉनिटरिंग बेहतर होगी।

ग्रामीणों को समय और धन की बचत होगी। आपको बता दें कि पंचायत समिति के गठन की प्रक्रिया 20 जनवरी 2025 से शुरू हुई थी। पुनर्गठन के दौरान जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति और स्थानीय निवासियों की जरूरतों एवं मांगों को आधार बनाकर निर्णय लिया गया।

प्रशासन ने भविष्य की विकास आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई समिति का ढांचा तैयार किया है।

**नवगठित पंचायत समिति में ये ग्राम पंचायतें की गई शामिल:-** बामलास, बजावा, बडागांव, भाटीवाड, भोड़की, छऊ, छावसरी, धमोरा, दुडिया, हांसलसर, केड, मैनपुरा, नाटास, पोसाना, रघुनाथपुरा, सीथल, सिंगनौर, टीटनवाड, गुढाबावनी, ढाणिया भोडकी, टोडी, खींवासर, धोलाखेड़ा, खटकड कीरपुरा, मझाऊ, गढ़ला कलां, गुढागौडजी, चारावास, भोजगढ़ बासडी, जैतपुरा, बास बिसना, केशरीपुरा और महला की ढाणी को शामिल किया गया है।

नई पंचायत समिति के गठन से क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही सुगम प्रशासनिक सेवाएं मिल सकेंगी।

**कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला हनुमानगढ़ (राज0)**

क्रमांक : नपा/भूमि/2024-25/3681 दिनांक: 21/11/2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री सतपाल सिंह पुत्र श्री नत्थू सिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड नं. 1 बिहारीपुरा बास भादरा त. भादरा जिला हनुमानगढ़ द्वारा चक 05 बीएचडी के मुरब्बा नं. 44 के किला नं. 04, 07 में भूखण्ड साईज 8687.61 वर्गफुट आवासीय भूखण्ड से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन के लिए पालिका में आवेदन किया गया है। इस पर किसी को कोई ऐतराज हो तो सात दिवस में कार्यालय समय में निम्नहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति मय सबूत प्रस्तुत करें। समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहे।

(पवन कुमार चौधरी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका भादरा



मैंने इस सीजन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं, सीजन की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं, लेकिन मैंने पूरे सीजन में अपनी मेहनत जारी रखी और मैं सीजन को अच्छे नोट पर खत्म करके बहुत खुश हूँ। - लक्ष्य सेन

पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी, खिताब जीतने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ अनाहत सिंह



**भारतीय** स्क्वैश की होनहार खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शनिवार को इंदौर में अपनी सीनियर हमवतन जोशना चिनप्पा को हराकर एसआरएफआई इंडियन ओपन 2025 पीएसए चैलेंजर महिला खिताब जीता। डेली कॉलेज में मुकाबला कर रही, टॉप सीड और दुनिया की 33वें नंबर की महिला स्क्वैश खिलाड़ी, अनाहत सिंह ने अपनी ज़्यादा अनुभवी और बिना सीड वाली विरोधी के खिलाफ 54 मिनट में 3-2 (11-8, 11-13, 11-9, 6-11, 11-9) से फाइनल जीता। 17 साल की अनाहत ने पहले गेम में शानदार शुरुआत की और 7-4 से आगे हो गईं।

**क्या आप जानते हैं ?...** पूर्व महान ऑलराउंडर जैक कैलिस भारत के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं...

## सेनुरन मुथुसामी का शतक, यानसन शतक से चूके, दक्षिण अफ्रीका 489

गुवाहाटी, 23 नवंबर। कुलदीप यादव ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को शतक की ओर बढ़ रहे मार्को यानसन (93) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का 489 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए नौ रन बना लिये है। केएल राहुल दो और यशस्वी जयसवाल सात रन बनाकर क्रीज पर है। भारत के लिए कल तीसरा दिन बहुत चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि मेजबान टीम के सामने दक्षिण अफ्रीका का विशाल स्कोर होगा।

कुलदीप ने आज 152वें ओवर की पहली गेंद पर मार्को यानसन को आउटकर दिन का अपना यह पहला विकेट झटककर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 489 रन के स्कोर पर अंत किया। मार्को यानसन ने 91 गेंदों में सात छक्के मारे और छह चौके लगाते हुए 93 रनों की पारी खेली। कुलदीप ने चार विकेट लिए, और जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले।

दक्षिण अफ्रीका की पारी में केवल साइमन हार्मर ही एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जो दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सके वरना अन्य सभी 10 बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा पार किया। दक्षिण अफ्रीका की पारी में 21 अतिरिक्त रनों का भी योगदान रहा।

इससे पहले भोजनकाल के बाद 139वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने शतकवीर सेनुरन मुथुसामी यशस्वी जयसवाल के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। सेनुरन मुथुसामी ने 206 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 109 रनों की पारी खेली। 144वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने साइमन हार्मर (पांच) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई।



पहले सत्र में भारतीय गेंदबाजों को चायकाल तक नहीं मिली सफलता, सेनुरन मुथुसामी और काइल वेरेन की जोड़ी ने सातवें विकेट के लिए 88 रन जोड़े। चायकाल के बाद रवींद्र जडेजा ने काइल वेरेन को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। काइल वेरेन ने 122 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 45 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्को यानसन ने सेनुरन मुथुसामी के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। इस दौरान सेनुरन मुथुसामी ने अपना शतक और मार्को यानसन ने तेज बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपना अर्धशतक जड़ा। भोजनकाल के समय तक दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट पर 428 रन बना लिये थे। सेनुरन मुथुसामी (नाबाद 107) और मार्को यानसन (नाबाद 51) क्रीज पर मौजूद थे। आज सुबह यहां कल के छह विकेट पर 247 रनों से दक्षिण अफ्रीका ने खेलना शुरु किया। सेनुरन मुथुसामी और काइल वेरेन ने दिन की शुरुआत में ही धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 83.3 ओवर में 250 रन का स्कोर पार कर लिया। 95 ओवर में ड्रिंक्स ब्रेक तक 275/6 पर पहुंचने के बाद, मेहमान टीम लगातार रन बनाती रही। वेरेन ने ड्रिंक्स के बाद के सेशन में कुलदीप यादव की गेंद पर वाइड मिड-ऑफ पर चौका लगाकर शुरुआत की और जल्द ही 98वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद को स्लिप के बाहर से निकालकर एक और चौका लगाया। दक्षिण अफ्रीका ने 102.4 ओवर में 300 रन पार किये। 104.2वें ओवर में पारी में जडेजा की गेंद मुथुसामी के पैड पर लगी और अंपायर रॉड टकर ने उन्हें पगबाधा आउट करार दिया। मुथुसामी ने तुरंत रिव्यू लिया, और अल्ट्राएज ने हल्के से ग्लब टच दिखाया। टीवी अंपायर क्रिस गैफनी ने फैसला पलट दिया, जिससे बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को राहत मिल गई। मुथुसामी ने 106.2वें ओवर में जडेजा की गेंद पर एक रन लेकर अपने पचास रन पूरे किए।

### मेरे लिए सचमुच यह एक ख़ास पल है :सेनुरन मुथुसामी

गुवाहाटी, 23 नवम्बर। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को शानदार शतक बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज सेनुरन मुथुसामी ने कहा कि यह उनके लिए सचमुच यह एक ख़ास पल है। मुथुसामी ने 109 रन बनाये जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 489 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दिन के खेल के बाद मुथुसामी ने कहा, इतने भरे हुए हाउस के सामने यह सच में एक खास पल था। मुझे खुशी है कि मैं टीम में अपना योगदान दे सका और पहली इनिंग्स में कुछ रन बना सका, जो हमेशा जरूरी होता है। यह (प्लान) बस पार्टनरशिप बनाने और इनिंग्स को आगे बढ़ाने और फिर बीच में रन बनाने का था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि स्कोल्सी (वेरेन) ने आज सच में बहुत अच्छा किया और मार्को स्पेशल था। और दूसरे लोगों ने भी योगदान दिया, जो बहुत बढ़िया था।

## अभिनव देशवाल ने 25मी पिस्टल इवेंट में जीता गोल्ड

टोक्यो, 23 नवंबर। भारत के अभिनव देशवाल ने रविवार सुबह यहां चल रहे डेफलम्पिक्स के 9वें दिन 25मी पिस्टल मेन्स इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। साउथ कोरिया की लीना सेउंग I ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि यूक्रेन के फोमिन सेरही ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। एक और भारतीय शूटर, चेतन हनमंत सपकाल, 5वें स्थान पर रहे। क्वालिफायर में 600 में से 575 के साथ क्वालिफिकेशन वर्ल्ड रिकॉर्ड और क्वालिफिकेशन डेफलम्पिक्स रिकॉर्ड की बराबरी करने के बाद अभिनव 25मी पिस्टल मेन्स इवेंट के फाइनल में पहुंच गए थे।आखिरी शॉट के दौरान खराबी के बावजूद, अभिनव पहले ही लीड ले चुके थे और शानदार फिनिश के साथ खत्म किया।

## जर्मनी को हराकर डेविस कप फाइनल में पहुंचा स्पेन

बोलोग्ना (स्पेन), 23 नवंबर। स्पेन यहां जर्मनी पर 2-1 से जीत के बाद छह साल में पहली बार डेविस कप फाइनल में पहुंचा। छह बार के डेविस कप चैंपियन शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 से सेमीफाइनल जीत के साथ आगे बढ़े, जब मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज की डबल्स जोड़ी ने केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुट्ज़ को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। स्पेन का सामना रविवार को मेजबान और डिफेंडिंग चैंपियन इटली से होगा। इटली शुक्रवार के सेमीफाइनल में बेल्जियम पर जीत के साथ फाइनल में पहुंचा था। कैप्टन डेविड फेरर की टीम, चोटिल दुनिया के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज के बिना, अपने डबल्स स्पेशलिस्ट, 39 साल के फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन चैंपियन ग्रैनोलर्स और उनके पार्टनर मार्टिनेज का शुक्रिया अदा कर सकती है। सिंगल्स में, पाब्लो कारेनो बुस्टा ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6(6) से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिलाई। जर्मनी ने दुनिया के नंबर 3 अलेक्जेंडर ज्वेरेव के जरिए बराबरी की, जिन्होंने जौमे मुनार को 7-6(2), 7-6(5) से हराया।

## खराब मौसम के कारण भारत बनाम दक्षिण कोरिया मुकाबला स्थगित

इपोह (मलेशिया), 23 नवंबर। खराब मौसम के कारण भारत और दक्षिण कोरिया के बीच सुल्तान अजलान शाह कप 2025 टूर्नामेंट में रविवार को होने वाला पुरुष हॉकी टीम का मुकाबला स्थगित कर दिया गया है। पांच बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम का टूर्नामेंट के 31वें संस्करण में आज दक्षिण कोरिया से मैच होना था। लेकिन खराब मौसम के कारण इस मैच को स्थगित कर दिया गया है। इस टूर्नामेंट में भारत सहित मेजबान मलेशिया, बेल्जियम, दो बार की चैंपियन न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और कनाडा हिस्सा ले रहे हैं।

## हार्दिक गौर 95 रन नाबाद की पारी पर हर्ष सैनी 95 रन की पारी भारी पड़ी


जयपुर, 23 नवम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज हुकम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड हाथोज में चतुर्थ डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये पूल-सी के मुकाबले में हर्ष सैनी 95 रन (37 गेंद, 4 चौके, 11 छक्के) की आतिशी पारी तथा रोहन सिंह 40 रन 1 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन की बदौलत शास्त्री क्रिकेट एकेडमी ने संस्कार क्रिकेट एकेडमी के हार्दिक गौर 95 रन नाबाद (55 गेंद, 9 चौके, 2 छक्के) तथा आदित्य झाला 30 रन पर 3 विकेट के प्रयासों पर पानी फेरते हुए अपनी टीम को 7 गेंद शेष रहते 3 विकेट से जीत दिलाकर महत्वपूर्ण 2 अंक दिलाये।

## लक्ष्य सेन ने सत्र का पहला खिताब जीता

सिडनी, 23 नवम्बर। लक्ष्य सेन ने रविवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतकर अपने करियर का छठा और इस साल का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल जीता।

इंडिया के टॉप रैंक वाले पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, जो 14वें नंबर पर हैं, को बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में जापान के वर्ल्ड नंबर 26 युशी तनाका पर 21-15, 21-11 से क्लीन जीत के लिए 38 मिनट लगे। यह दोनों शटलर्स के बीच पहली आमने-सामने की भिड़ंत थी।

सिडनी में सेन की जीत पिछले साल दिसंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद उनका पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल है। उनके करियर में 2019 में दो सुपर 100 टाइटल - डच ओपन और सारलोरलक्स ओपन - के साथ-साथ 2022 में इंडिया ओपन सुपर 500 और 2023 में कनाडा ओपन सुपर 500 भी शामिल हैं। सेन इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर टाइटल जीतने वाले सिर्फ़ दूसरे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी बने। आयुष शेट्टी ने जून में यूएस ओपन सुपर 300 टाइटल जीता था।



फाइनल में, सेन ने लगातार चार पॉइंट बनाकर शुरुआती गेम 7-3 से अपने नाम कर लिया। तनाका ने थोड़ी देर के लिए स्कोर 17-15 कर लिया, लेकिन सातवें सीड वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने चार पॉइंट की बढ़त बनाकर गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में भी ऐसा ही हुआ। एक सधी हुई शुरुआत के बाद, सेन ने इंटरवल तक छह पॉइंट की बढ़त बना ली और उसके बाद मजबूती से कंट्रोल में रहकर शानदार जीत हासिल की। लक्ष्य सेन ने शनिवार को चाउ टिएन चेन के खिलाफ सेमीफाइनल में तीन मैच पॉइंट बचाकर जीत हासिल की और फाइनल में अपनी लय बनाए रखी। क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन ने हमवतन आयुष शेट्टी को हराया। इस साल की शुरुआत में, लक्ष्य हांगकांग ओपन में रनर-अप रहे और पिछले हफ्ते कुमामोटो मास्टर्स सहित दो सेमीफाइनल में भी खेले।

## बंगलादेश ने आयरलैंड को 217 रनों से हराया और सीरीज भी जीती

मीरपुर (बंगलादेश), 23 नवंबर। तैजुल इस्लाम और हसन मुराद (चार-चार विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन आयरलैंड को दूसरी पारी में 291 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 217 रनों से जीत लिया। इसी के बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। मुशफिकुर रहीम को 106 और नाबाद 53 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज मे 13 विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम को प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। आयरलैंड ने कल के छह विकेट पर 176 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज आयरलैंड ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के समर्थन से जबरदस्त विरोध किया। कैमफर ने बहुत हिम्मत और पक्के इरादे के साथ बल्लेबाजी की और उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों का भी समर्थन मिला।

## राहुल वनडे सीरीज के लिए बने स्टैंड-इन कप्तान, ऋषभ पंत की वापसी



गुवाहाटी, 23 नवम्बर। वनडे में भारत के पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज, केएल राहुल को दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ आने वाली वनडे सीरीज के लिए स्टैंड-इन कप्तान बनाया गया है। रेगुलर कप्तान शुभमन गिल और उप-कप्तान श्रेयस अय्यर के चोटों के कारण सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं होने से, राहुल को तीन मैचों की सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया। तीन मैच रांची (30 नवंबर), रायपुर (3 दिसंबर) और विशाखापत्तनम (6 दिसंबर) में होंगे। तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और रुतुराज गायकवाड़ को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई टीम में शामिल किया गया है, जबकि इस बार अक्षर पटेल और मोहम्मद सिराज नहीं हैं। लेकिन विकेटकीपर ऋषभ पंत की वनडे टीम में वापसी हुई है।

पंत के टीम में शामिल होने के बावजूद ध्रुव जुरेल अपनी जगह बनाए रखेंगे। अक्षर, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पहली पसंद के लेफ्ट-आर्म स्पिनर के तौर पर चुना गया था, सीनियर प्रो जडेजा की वापसी के बाद अपनी जगह बनाए रखने में नाकाम रहे। गिल अभी अपनी गर्दन की चोट की जांच के लिए मुंबई में हैं। 26 साल के गिल, जिन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले वनडे कप्तान बनाया गया था, को कोलकाता में पहले टेस्ट में पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गर्दन में चोट लगने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में अपनी भागीदारी बीच में ही छोड़नी पड़ी।

**पूरी टीम:** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, केएल राहुल (कप्तान) (विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

जयपुर पोलो सीजन 2025

## द कश्मीर चैलेंज कप में टीम जयपुर रही विजेता



जयपुर, 23 नवंबर। जयपुर के राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रविवार को द कश्मीर चैलेंज कप (06 गोल्स) का फाइनल मैच खेला गया। टीम जयपुर और टीम कानोता पोलो के बीच हुए इस रोमांचक मुकाबले में टीम जयपुर विजयी रही। टीम जयपुर ने टीम कानोता पोलो को 9-5 के बड़े अंतर से शिकस्त देकर कप अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर सारा ब्लेकली मुख्य अतिथि रहीं और उन्होंने विजेता टीम को कप प्रदान किया। विजेता टीम जयपुर से लांस वाटसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल किए। वहीं, हिज हाईनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने टीम के लिए 4 गोल किए। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में मिर्ज़ा मोहम्मद बेग और प्रणव कपूर भी शामिल थे। टीम कानोता पोलो से हूर अली ने 3 गोल किए। डीनो धनखड़ और अशोक चांदना ने 1-1 गोल किया। टीम से प्रताप सिंह कानोता भी खेले।

## साइना नेहवाल और पीटर गेड ने द लेजेंड्स' विजन-लेगेसी टूर इंडिया की शुरुआत की

नयी दिल्ली, 23 नवंबर। दिल्ली में आज भारतीय बैडमिंटन के लिए एक यादगार दिन रहा, जब साइना नेहवाल और पीटर गेड ने सीरीफोर्ट डीडीए स्क्वैश एंड बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स में आयोजित द लेजेंड्स' विजन - लेगेसी टूर इंडिया की शुरुआत की। यह दिन विरासत, युवा ऊर्जा और उद्देश्य का ऐसा संगम लेकर आया, जिसने दिखाया कि जब महान खिलाड़ी अपने नन्हे चाहने वालों के साथ खड़े होते हैं, तो खेल की ताकत कई गुना बढ़ जाती है। आठ साल बाद भारत लौटे 'लेजेंड्स' विजन' का दिल्ली चैप्टर बेहद उत्साह के साथ शुरू हुआ। स्टेडियम शुरुआत से ही दर्शकों से भर गया था- जूनियर खिलाड़ी अपनी क्लब जर्सी में पहुंचे और परिवारों ने इसे एक उत्सव की तरह मनाया। जैसे ही साइना और गेड कोर्ट पर उतरे, चारों ओर गूंजती तालियों ने साफ कर दिया कि शहर इस पल का लंबे समय से इंतज़ार कर रहा था।

**राजधानी**

# दिल्ली में ''सशक्त समाज, समृद्ध भारत'' सम्मेलन में जुटे 35 देशों के प्रतिनिधि

**लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राजस्थान विधानसभाध्यक्ष देवनानी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे**

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष और विश्व सिन्धी हिन्दू फाउंडेशन ऑफ एसोसिएशन के संरक्षक वासुदेव देवनानी ने सिन्धी समाज का आव्हान किया है कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए अपना पर्याप्त योगदान देकर समाज की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाए। उन्होंने वर्तमान डिजिटल युग में विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक सिंध संस्कृति, भाषा और सिन्धी समाज पर डिजिटल सिन्धी हेरिटेज प्रोजेक्ट बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। देवनानी रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में विश्व सिन्धी हिन्दू फाउंडेशन ऑफ एसोसिएशन द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला के मुख्य आतिथ्य में सशक्त समाज, समृद्ध भारत विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भारत सहित 35 देशों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। लोकसभाध्यक्ष ओम बिडला ने सिन्धी समाज के समृद्ध इतिहास के लेखन की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह थे।




नई दिल्ली के विज्ञान भवन में रविवार को विश्व सिन्धी हिन्दू फाउंडेशन ऑफ एसोसिएशन की ओर से ''सशक्त समाज, समृद्ध भारत'' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ।

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने सिन्धी समाज के समृद्ध इतिहास के लेखन की आवश्यकता पर बल दिया
- वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएं सिंधी समाज : देवनानी

विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आधुनिक भारत के विकास में सिंधी समाज का योगदान किसी से भी कम नहीं रहा है। यही कारण है कि आज देश के कुल इनकम टैक्स देने वालो के सिंधियों का योगदान 24 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि सिंध संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीनतम संस्कृति है और सिन्धी भाषा भी विश्व की सबसे समृद्धशाली ऐसी भाषा है, जिसकी लिपि में 52 अक्षर है। हमें सिंध और सिन्धी समाज और भाषा पर गर्व होना चाहिए क्योंकि आज भारत ही नहीं विश्व के हर कौने में सिन्धी समाज बसा हुआ है। यहां तक कि बारबाडोस जैसे सुदूर क्षेत्र में भी सिन्धी समाज के लोग बसे हुए है। अरबों की संपतियों को छोड़ इसलिए भारत आए थे क्योंकि उन्हें अपनी मातृ भूमि ,जीवन मूल्यों और सनातन धर्म संस्कृति से अथाह प्यार था। सिन्धी समाज के लोगों ने अपना वतन और सब कुछ त्यागने के बाद भारत आकर अपने पुरुषार्थ से अपने आपको को पुन: खड़ा किया तथा आज पुरुषार्थ से परमार्थी बन गए है। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने प्रधानमन्त्री मोदी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने विभाजन के दर्द को महसूस करते हुए हर वर्ष 14 अगस्त को विभीषिका दिवस मानने की घोषणा की है।

देवनानी ने बताया कि अपने शिक्षा मन्त्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्थान के अजमेर और कोटा में सिंधु शोध पीठ की स्थापना कराने के साथ ही महाराजा दाहिर सेन, महान क्रांतिकारी हेमू कालानी के साथ ही सिन्धी संतों सन्त तेऊ राम,सन्त चंद्र भगवान,सन्त कंवर राम आदि की जीवनियों को स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल कराया था। अपने भाषण के अंत में देवनानी ने ''जिए सिंध, जिए हिन्द'' का नारा दिया। सम्मेलन में इंदौर मध्य प्रदेश के सांसद शंकर लालवानी ने नई दिल्ली में सिंधु भवन बनाने की माँग रखी।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में लायन सफारी बनी पर्यटकों की पहली पसंद

**रविवार को 2068 लोगों ने किया रोमांचकारी वन्यजीव दर्शन**



पर्यटकों ने रविवार को जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघों की अठखेलिया निहारी।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर स्थित नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार का दिन रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। सुहावने मौसम और अवकाश के संगम ने पर्यटकों को बड़े पैमाने पर प्रकृति के करीब खींचा, जिसके परिणामस्वरूप कुल 2068 पर्यटकों ने उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया। उद्यान में सुबह से ही दर्शकों की आवाजाही बढ़ती रही और पूरा परिसर जीवंत माहौल से गुलजार रहा। सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस रविवार लायन सफारी सबसे बड़ा आकर्षण बनी रही।

- एशियाटिक लायन और व्हाइट टाइगर बने पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र

कुल 432 पर्यटकों ने सफारी में भाग लेकर एशियाटिक लायन को बेहद करीब से देखने का रोमांचक अनुभव लिया। शेरों की चंचल हरकतें, साहसिक अभिव्यक्ति और जंगल का प्राकृतिक वातावरण पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय रहा। इसके अलावा व्हाइट टाइगर भी पर्यटकों की उत्सुकता का केन्द्र बना रहा। कई परिवार, स्कूल समूह और पर्यटक विशेष रूप से टाइगर देखने पहुंचे और उसके स्वभाव तथा गतिविधियों में गहरी रुचि दिखाई। शहर के मध्य में हरियाली, शांत वातावरण और वन्यजीवों का यह अनूठा संगम पर्यटकों के लिए एक परफेक्ट वीकेंड आउटिंग साबित हुआ। मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी. मोहनराज के निर्देशन में उद्यान में सुरक्षा, साफ-सफाई, गाइडेंस, मार्गदर्शन और अन्य सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है। पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लायन सफारी गेट एवं बस ड्राइवरों को वायरलेस सेट उपलब्ध कराए गए हैं।

# दिसम्बर से सप्ताह में 3 दिन पार्टी मुख्यालय पर जन सुनवाई होगी

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने अजेमर-बीकानेर संभाग के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर अजमेर एवं बीकानेर संभाग के भाजपा जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से मिले और संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों चर्चा की।*

जयपुर, 23 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर अजमेर एवं बीकानेर संभाग के भाजपा जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों सहित

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों में कार्यकर्ताओं की अहम् भूमिका है। उन्हें जमीनी स्तर पर पूरी मेहनत से काम करना है।**
- **इस बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, सांसद सी.पी. जोशी व घनश्याम तिवाड़ी तथा पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी भी शामिल हुए।**

विभिन्न पदाधिकारियों के साथ संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, सांसद सी.पी. जोशी, घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जहां सब कार्यकर्ता गुलदस्ते के रूप में एकजुट होकर कार्य करते हैं और यहां हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता परिवार के काम से ज्यादा पार्टी के काम को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को इतना सक्रिय होना चाहिए कि उसके क्षेत्र में हर कोई उसे पहचाने। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहकर केन्द्र और राज्य की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कहते थे कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से आगे बढ़ी है। हमें जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करनी है। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं पूछे और स्थानीय अधिकारियों की मदद से उनका समाधान निकाले। कार्यकर्ता कार्यों की प्राथमिकता तय कर जिला अध्यक्ष के माध्यम से राज्य सरकार को अवगत कराएं। जिलों में मंडल स्तरीय बैठक नियमित और अनिवार्य रूप से आयोजित करें। आगामी पंचायती चुनावों में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है, उन्हें जमीनी स्तर पर पूरी मेहनत के साथ काम करना है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार दिसम्बर में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कार्यकर्ता प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कितने कार्य हुए उसके बारे में जनता को विस्तृत रूप से अवगत कराएं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर एवं बीकानेर संभाग की बैठक में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि आगामी माह से हर सप्ताह भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की जनसुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि सप्ताह में तीन दिन-सोमवार, मंगलवार और बुधवार को दो मंत्री भाजपा प्रदेश मुख्यालय में उपस्थित रहेंगे, और कार्यकर्ताओं की समस्याएं व सुझाव सुनेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पार्टी संरचना मजबूत होगी और ग्राउंड लेवल कार्यकर्ताओं को सीधा प्लेटफॉर्म मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था कार्यकर्ताओं के लिए बूस्टर का काम करेगी और संगठन को और मजबूती देगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में दो वर्ष में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। राज्य सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से वर्षों से अटके कई कार्य आगे बढ़ाए हैं।

# मुख्यमंत्री ने बच्चों को पोलियो दवाई पिलाई

जयपुर, 23 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षक दवा पिलाकर राज्यस्तरीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अभियान के लिए जनसहभागिता का आ ान करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षक दवा अवश्य पिलाएं।

शर्मा ने कहा इस अभियान में

- **उन्होंने कहा, अगले दो दिन स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलायेंगे।**

प्रदेशभर में जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षक दवा पिलाई जाएगी। दो बूंद दवा ही पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से रक्षा कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि रविवार (23 नवम्बर) को प्रदेशभर में पोलियो बूथों पर दवा पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसी कारणवश बूथ पर दवा पीने नहीं वाले बच्चों को अगले दो दिन स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दवा पिलाएंगे। लगभग 1 करोड़ 8 लाख बच्चों को पोलियो दवा पिलाने के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में 58 हजार 823 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। 6 हजार 741 ट्रांजिट टीमें और 8 हजार 989 मोबाइल टीम की व्यवस्था भी की गई है।

मुख्यमंत्री ने 'दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार' पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़, बच्चों के अभिभावक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# वैश्विक संस्थाओं में सुधार अब अनिवार्य हो गया है- मोदी

## उन्होंने जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका व ब्राज़ील को एकजुट होकर कदम उठाने का सुझाव दिया

जोहान्सबर्ग, 23 नवम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक संस्थाएं 21 वीं सदी की वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं और भारत, ब्राजील तथा दक्षिण अफ्रीका को एक स्वर में दुनिया को संदेश देना चाहिए कि वैश्विक संस्थाओं में सुधार अब वैकल्पिक नहीं बल्कि जरूरी है। मोदी ने रविवार को यहां जी 20 शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (इबसा) की बैठक में हिस्सा लिया।

- **प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद जैसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड का कोई स्थान नहीं है।**

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी तीनों देशों को सामंजस्य के साथ एकजुट होकर कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये तीनों देश इस बिखरी और विभाजित दुनिया को एकता, सहयोग और मानवता को संदेश दे सकते हैं।

मोदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इबसा केवल तीन देशों का समूह नहीं है, यह तीन महाद्वीपों को जोड़ने वाला, तीन बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियों, तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का महत्वपूर्ण मंच है। यह एक गहरा और आत्मीय बंधन भी है, जिसमें विविधता भी है, साझे मूल्य और साझी आकांक्षाएं भी हैं। मोदी ने सुझाव देते हुए कहा कि सबसे पहले तीनों देशों को एकजुट होकर वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए।

उन्होंने कहा ," सबसे पहले, हम तीनों देश इस बात पर सहमत हैं कि वैश्विक संस्थान 21वीं सदी की वास्तविकताओं से कोसों दूर हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हममें से कोई भी देश स्थायी सदस्य नहीं है। इससे स्पष्ट है कि वैश्विक संस्थाएँ आज की दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। इसलिए इबसा को एक स्वर में पूरे विश्व को संदेश देना चाहिए कि संस्थागत सुधार अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी हमें करीबी सामंजस्य से आगे बढ़ना होगा। ऐसे गंभीर विषय पर किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड का कोई स्थान नहीं है। वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए, हमें इस विषय पर एकजुट होकर कदम उठाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2021 में भारत की इबसा अध्यक्षता में तीनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की पहली बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए हम इसे संस्थागत रूप दे सकते हैं।

# केरल के माकपा कार्यकर्ता ने चुनाव कार्यालय में आत्महत्या की

पलक्कड़, 23 नवंबर। केरल के पलक्कड़ जिले में पदालिक्काड स्थित मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा) के चुनाव समिति कार्यालय में रविवार को एक कार्यकर्ता का शव फंदे से लटका मिला।

मृतक की पहचान पदालिक्काड निवासी सिवन (40) के रूप में हुई है। पार्टी कार्यकर्ता जब तड़के सुबह कार्यालय पहुँचे, तो उन्होंने शव को लटका हुआ पाया। यह कार्यालय मरूतरोड ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या चार के स्थानीय निकाय चुनाव के लिए अस्थायी रूप से स्थापित किया गया था।

पुलिस ने शव की जाँच की और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल, मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि केरल में स्थानीय निकाय चुनाव दो चरणों में (9 और 11 दिसंबर को) होने वाले हैं। पलक्कड़ जिले में चुनाव 11 दिसंबर को निर्धारित है।

# एसआईआर सुधार नहीं, थोपा हुआ जुल्म है- राहुल

नई दिल्ली, 23 नवंबर। वोटर लिस्ट रिविजन (एसआईआर) पर राहुल गांधी बुरी तरह से बिफर पड़े। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई सुधार नहीं बल्कि थोपा गया जुल्म है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में ये बात कही। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने ऐसा सिस्टम बनाया है जिससे वोटर थक हार जाए और वोट चोरी बिना रोक-टोक जारी रहे।

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में बीएलओ की खुदकुशी का मुद्दा भी उठाया। राहुल गांधी ने लिखा- एसआईआर के नाम पर देश भर में अफ़रा-तफ़री मचा रखी है - नतीजा? तीन हफ्तों में 16 बीएलओ की जान चली गई। हार्ट अटैक, तनाव, आत्महत्या - एसआईआर कोई सुधार नहीं, थोपा गया ज़ुल्म है।

एसआईआर के जरिए वोट चोरी का आरोप लगाते हुए उन्होंने आगे लिखा- ईसीआई ने ऐसा सिस्टम बनाया है जिसमें नागरिकों को खुद को तलाशने के लिए 22 साल पुरानी मतदाता सूची

- **उन्होंने कहा, आयोग चाहता है, वोटर थक जाए व वोट चोरी बेरोकटोक जारी रहे।**

के हज़ारों स्कैन पन्ने पलटने पड़ें। मक़सद साफ़ है - सही मतदाता थककर हार जाए, और वोट चोरी बिना रोक-टोक जारी रहे।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल उठाया।

उन्होंने लिखा-भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी काग़ज़ों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है। अगर नीयत साफ़ होती तो लिस्ट डिजिटल, सर्चेबल और मशीन-रीडेबल होती - और ईसीआई 30 दिन की हड़बड़ी में अंधाधुंध काम ठेलने के बजाय उचित समय ले कर पारदर्शिता और जवाबदेही पर ध्यान देता।

# अमेरिका जी-20 में नहीं आया, द.अफ्रीका ने उसे अध्यक्षता नहीं सौंपी

## द.अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने समापन भाषण में भारत की जमकर तारीफ की

जोहान्सबर्ग, 23 नवंबर। दुनिया के सबसे अमीर देशों और शीर्ष विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के संगठन जी20 की बैठक रविवार को अभूतपूर्व तनातनी के बीच समाप्त हो गई। जी20 के अगले अध्यक्ष अमेरिका के बहिष्कार की वजह से मौजूदा अध्यक्ष और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने खुद ही रस्म निभाई और गेवल बजाया। रामफोसा ने अपने समापन भाषण में भारत की भी जमकर तारीफ की।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा ने कहा कि दो दिवसीय विचार-विमर्श के बाद जी20 शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया, जिसकी नींव भारत, ब्राजील और इंडोनेशिया ने रखी थी। उन्होंने कहा कि हमने इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील के कार्यों से बहुत कुछ सीखा। कई मायनों में यहां जो कुछ घटित हुआ है, वह ग्लोबल साउथ के इन तीन देशों द्वारा रखी गई बुनियाद पर आधारित है।

दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने कहा कि जी20 दक्षिण अफ्रीका का घोषणापत्र

- **अमेरिका ने दूतावास के एक अधिकारी को जी-20 की अध्यक्षता का हैंडओवर लेने भेजा था। द.अफ्रीका ने कहा कि एक जूनियर अधिकारी को राष्ट्रपति का गेवल सौंपना राष्ट्रपति का अपमान होगा।**

महज शब्दों से कहीं बढ़ कर है। यह ठोस कार्रवाई के लिये प्रतिबद्धता है जिससे दुनिया के हर हिस्से में लोगों का जीवन बेहतर होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस साल महत्वपूर्ण चुनौतियों के बीच मिले और साबित किया कि बड़ी कठिनाइयों के समय में भी बेहतर दुनिया के प्रयास के लिए हम एकजुट हो सकते हैं।

बता दें कि इस जी20 समिट में न तो अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप आए और न ही उन्होंने अपने किसी अधिकारी को भेजा। यह जी20 के इतिहास में पहली बार है कि अगले अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में समिट खत्म हुई है। ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका पर अपने यहां रहने वाले गोरे अल्पसंख्यकों पर हिंसक अत्याचार का आरोप लगाते हुए समिट का बायकॉट किया था। इसे लेकर काफी समय से तनातनी चल रही थी। 2008 में गठन के बाद से पहला मौका है, जब अमेरिका, रूस और चीन तीनों के नेता जी20 समिट में शामिल नहीं हुए।

व्हाइट हाउस ने समिट खत्म होने से पहले अपने दूतावास के एक अधिकारी को जी20 की अध्यक्षता का हैंडओवर लेने के लिए भेजने की बात कही थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने इनकार कर दिया। अफ्रीका का कहना था कि किसी जूनियर अधिकारी को अध्यक्षता का गेवल सौंपना राष्ट्रपति रामफोसा का अपमान होगा। विवाद इतना बढ़ा कि कोई भी अमेरिकी अधिकारी समिट में नहीं पहुंचा। दक्षिण अफ्रीका का कहना है कि हैंडओवर अब बाद में किया जाएगा। हो सकता है कि विदेश मंत्रालय में इसकी रस्म पूरी की जाए।

# अल्मोड़ा के स्कूल के पास विस्फोटक मिला

अल्मोड़ा, 23 नवंबर। भारत के पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के अल्मोड़ा में अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस ने उत्तराखंड के अल्मोड़ा के एक स्कूल के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक जिलिग्नाइट की छड़ें बरामद की हैं।

स्कूल के पास एक झाड़ी से 161 जिलिग्नाइट की छड़ें और 20 किलो से ज्यादा विस्फोटक ऐसे समय में मिला है जब जांच एजेंसियां दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस की जांच कर रही हैं। डबरा गांव के गवरमैंट हाई सेकेंडरी स्कूल में यह बरामदगी हुई। जल्द ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। उधम सिंह नगर और नैनीताल जिलों से बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को मौके पर भेजा गया।

सर्च के दौरान पास की झाड़ियों में जिलिग्नाइट स्टिक के कुछ पैकेट मिले, जबकि कुछ पैकेट घटनास्थल से कुछ फीट दूर मिले। यह बरामदगी दिल्ली बम ब्लास्ट केस में जांच एजेंसियों द्वारा हरियाणा में लगभग 3,000 किलो विस्फोटक जब्त करने के बाद हुई है।

पुलिस ने कहा कि जेलिग्नाइट स्टिक को सबसे पहले गुरुवार को स्कूली बच्चों ने देखा। बच्चे अपनी क्रिकेट बॉल को झाड़ियों में ढूंढ रहे थे। इस दौरान उन्हें वहां विस्फोटक रखे हुए

- **स्कूल के पास झाड़ियों में 161 जिलिग्नाइट की छड़ें व 20 किलो विस्फोटक मिला।**

मिले। इस बात की जानकारी उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल को दी। जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को बताया।

# शीतकालीन...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

पोस्ट में कहा गया है, "संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव अभी केंद्र सरकार के स्तर पर विचाराधीन है। इस प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस प्रस्ताव में किसी भी तरह से चंडीगढ़ की शासन-प्रशासन की व्यवस्था या चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने की कोई बात नहीं है। चंडीगढ़ के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी हितधारकों से पर्याप्त विचार विमर्श के बाद ही उचित निर्णय लिया जाएगा। इस विषय पर चिंता की आवश्यकता नहीं है।

# ट्रक दुर्घटना में सूबेदार की मौत पर 1.1 करोड़ रूपए का मुआवज़ा

नई दिल्ली, 23 नवंबर। दिल्ली की एक मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 43 वर्षीय सेना के सूबेदार की मौत के मामले में उनके परिवार को एक करोड़ दस लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह हादसा साल 2021 में हुआ था। अधिकारी सुदीप राज सैनी ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि मृतक शराब के असर में दोपहिया चला रहे थे, इसका मतलब यह नहीं है कि वे हादसे के लिए जिम्मेदार थे।

दिल्ली ट्रिब्यूनल उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसे दीपक कुमार के परिजनों ने दायर किया था। पांच जुलाई 2021 को एक ट्रक ने उनकी दोपहिया को टक्कर मारी थी, जिसके

- **दिल्ली की एक मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 2021 के हादसे पर फैसला दिया।**

बाद उनकी मौत हो गई। अठारह नवंबर को दिए गए आदेश में अधिकरण ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि हादसा ट्रक चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुआ।

एक चश्मदीद के बयान के आधार पर ट्रिब्यूनल ने कहा कि ट्रक चालक ही लापरवाही से गाड़ी चला रहा था और ऐसा कोई सबूत नहीं है कि दीपक कुमार ने अपनी दोपहिया गलत तरीके से चलाई थी। इसलिए नशे की स्थिति के आधार पर मृतक को सहदोषी नहीं माना जा सकता। दिल्ली ट्रिब्यूनल ने यह भी कहा कि हादसे के समय मृतक ने हेलमेट नहीं पहना था, लेकिन यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें उन्हें केवल सिर की चोटें आई हों, जिनसे हेलमेट पहनने पर बचाव हो सकता था। अंत में अदालत ने परिवार को कुल एक करोड़ दस लाख रुपये का मुआवजा विभिन्न मदों में देने का आदेश दिया, जिसमें आश्रितों की हानि के लिए लगभग 98.88 लाख रुपये शामिल हैं। अदालत ने ट्रक की बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को पूरी राशि जमा कराने का निर्देश दिया।

# विंग ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

पोस्टिंग कोयंबटूर के सैलूर में थी। उनकी पत्नी अफशां एयरफोर्स में पायलट हैं और इन दिनों कोलकाता में प्रशिक्षण पर थीं।

स्याल का पार्थिव शरीर दुबई से कोयंबटूर के पास स्थित सुलुर एयर बेस लाया गया, जहां एयर बेस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें अंतिम सम्मान दिया।

भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "भारतीय वायुसेना विंग कमांडर नमांश स्याल की दुखद क्षित पर गहरा शोक व्यक्त करती है, उन्होंने अटूट प्रतिबद्धता, असाधारण कौशल और कर्तव्य की अविचल भावना के साथ राष्ट्र की सेवा की।"

वायुसेना ने कहा कि उनके गरिमापूर्ण व्यक्तित्व और देश की सेवा के लिए समर्पित जीवन के माध्यम से उन्होंने अपार सम्मान अर्जित किया।

यह सम्मान यूएई के अधिकारियों, सहयोगियों, दोस्तों और भारतीय दूतावास के अधिकारियों द्वारा उन्हें दी गई विदाई में भी दिखाई दिया। वायुसेना दुख की इस गहरी घड़ी में उनके परिवार के साथ एकजुटता से खड़ी है और उनके साहस, समर्पण और सम्मान की विरासत को सलाम करती है।

# तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान की संभावना

चेन्नई, 23 नवंबर। रविवार को मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र स्पष्ट रूप से चिह्नित हो गया है और पहले यह तेज दबाव में बदलेगा और फिर चक्रवाती तूफान में परिवर्तित हो जाएगा। दूसरी ओर कावेरी डेल्टा और तमिलनाडु के दक्षिण तटीय जिलों में भारी बारिश हुई है। तमिलनाडु के उत्तरी और उत्तरी तटीय जिलों में भी भारी बारिश हुई जिससे कई इलाके जलमग्न हो गए।

जानकारी के अनुसार, 25 नवंबर को कोमोरन क्षेत्र और श्रीलंका के पास खाड़ी के ऊपर एक और निम्न दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है, जिससे पूरे राज्य में वर्षा और ज्यादा तीव्र बारिश होगी।

मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर-पूर्वी मानसून दक्षिण तटीय तमिलनाडु में ज़ोरदार रहा और शेष तमिलनाडु में सक्रिय रहा। तमिलनाडु के अधिकांश स्थानों और पुडुचेरी तथा कराईकल क्षेत्र में बारिश हुई।

मलक्का जलडमरूमध्य और समीपवर्ती दक्षिण अंडमान सागर पर कल बना निम्न दबाव क्षेत्र आज उसी क्षेत्र पर एक स्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र बन गया।

- **कावेरी डेल्टा व दक्षिण तटीय जिलों में भारी बारीश हुई।**

25 से 29 नवंबर तक तमिलनाडु और पुडुचेरी तथा कराईकल क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है तथा एक-दो स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं।

तमिलनाडु तट, मन्नार की खाड़ी और कोमोरिन क्षेत्र में 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने तथा 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

# 12 राज्यों ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

और निकोबार (99.98 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (99.82 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल (99.75 प्रतिशत) का स्थान रहा। डिजिटाइज़ेशन अभियान में, लक्षद्वीप 88.20 प्रतिशत की दर के साथ सबसे आगे है, जबकि गोवा और राजस्थान क्रमशः 69.38 प्रतिशत और 65.52 प्रतिशत के साथ पीछे हैं।

# बांग्लादेश ने भारत से शेख हसीना का प्रत्यार्पण मांगा

ढाका, 23 नवंबर। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने नई दिल्ली को एक आधिकारिक पत्र भेजकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। देश के अंतरराष्ट्रीय अपराध

- **मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने भारत को इस संबंध में अधिकारिक पत्र भेजा।**

न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है।

सरकारी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन के हवाले से बताया कि यह पत्र बीते शुक्रवार को भेजा गया था। गौरतलब है कि आईसीटी ने 17 नवंबर को शेख हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप में मृत्युदंड सुनाया था। मामले में तीसरे आरोपी पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# फ्रांस ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी दावे को मनगढ़ंत बताया

## फ्रांस के अधिकारी द्वारा पाकिस्तान की वायु सेना की तारीफ का समाचार झूठा व भ्रामक है- फ्रांस

पेरिस/नई दिल्ली, 23 नवंबर। फ्रांसीसी नौसेना ने रविवार को पाकिस्तान मीडिया की सख्त आलोचना की और उस पर भ्रामक जानकारी और झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाया। दरअसल, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पाकिस्तान के एक मीडिया आउटलेट की ओर से रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक फ्रांसीसी अधिकारी ने पाकिस्तान की हवाई श्रेष्ठता की पुष्टि की और मई में सीमा पर हुए टकराव में भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों को गिराए जाने की बात कही।

मरीन नेशनल ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि रिपोर्ट में टिप्पणी गढ़ी गई थीं और अधिकारी की पहचान भी गलत तरीके से की गई थी। बयान में कहा गया, फेक न्यूज- इन बयानों को कैप्टन लौने से जोड़ दिया गया है,

- **फ्रांस की नौसेना ने स्पष्ट किया कि फ्रांस के अधिकारी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कथित तौर पर भारतीय विमानों को गिराने के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की।**

जिन्होंने किसी भी तरह के प्रकाशन की सहमति नहीं दी। यह लेख व्यापक भ्रामक जानकारी और झूठी खबरें फैलाता है।

पाकिस्तान के जिओ टीवी की 21 नवंबर की रिपोर्ट में जैक्स लौने को कथित तौर पर पाकिस्तान की वायु सेना की तारीफ करते दिखाया और यह दावा किया कि भारतीय राफेल विमानों को चीन के समर्थन से गिराया गया। फ्रांसीसी नौसेना ने कहा कि अधिकारी का असली नाम कैप्टन इवान लौने है और उन्होंने वास्तव में कोई भी टिप्पणी नहीं की थी।

नौसेना ने स्पष्ट किया कि नाम का पहला शब्द इवान है, जैक्स नहीं। रिपोर्ट के अनुसार उनकी जिम्मेदारियों में केवल उस नौसैनिक हवाई अड्डे का नेतृत्व करना है, जहां फ्रांसीसी राफेल समुद्री विमान तैनात हैं। बयान के मुताबिक, इवान लौने ने हिंद-प्रशांत सम्मेलन में तकनीकी प्रस्तुति (प्रेजेंटेशन) दी और राफेल लड़ाकू विमान के मिशन, अपने नौसैनिक हवाई अड्डे के संसाधनों और फ्रांसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की जानकारी साझा की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कथित तौर पर भारतीय विमानों के गिरने या चीनी प्रणालियों द्वारा राफेल लड़ाकू विमान को बाधित करने पर कोई टिप्पणी नहीं की।

फ्रांसीसी नौसेना ने दोहराया कि ऐसी कोई टिप्पणियां नहीं की गईं जो पाकिस्तानी आउटलेट द्वारा प्रकाशित दावे के अनुरूप हों, जिसमें कहा गया था कि लौने ने राफेल के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों को ऑपरेशनल खामियों की जानकारी दी और इसकी चीनी जे-10सी से तुलना की।

भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मलवीय ने फ्रांसीसी नौसेना की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिओ टीवी की रिपोर्ट को पुराने, गढ़े हुए दावे करार दिया और रिपोर्टर हामिद मीर पर तंज कसा। उन्होंने एक्स पर लिखा, फ्रांसीसी नौसेना ने पाकिस्तान के जिओ टीवी और उसके संवाददाता हामिद मीर को भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए सार्वजनिक रूप से लताड़ा। उनकी रिपोर्ट में राफेल और मई संघर्ष के पुराने, गढ़े हुए दावे फिर से पेश किए गए और अब यह सार्वजनिक रूप से उजागर हो गया है।

'राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600